जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

Rashtradoot

जयपुर, रविवार 12 नवम्बर, 2023


# सिर्फ 3 दिन में 10 लाख बढ़ेंगे

FIXED PRICE

TODAY OPEN

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

NO MIDDLE-MEN

DIRECT TO CUSTOMER

82% SOLD OUT

BOOKING AMOUNT 10%

18% UNITS LEFT

## PROPOSED FIXED RATE & RENTAL

| बड़ी-बड़ी कोठी बड़े-बड़े फ्लैट | | आज की रेट | दिवाली बाद की रेट | पजेशन की रेट | पजेशन के बाद रेंटल |
|---|---|---|---|---|---|
| युनिट टाइप | साइज | | | | POSSESSION DEC. 2025 |
| 2 BHK (GF) अपार्टमेंट | 1350 Sq Ft | 49.50 LACS | 54 LACS | 67.50 LACS | 22,000 |
| 3 BHK (SF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 55 LACS | 60 LACS | 75 LACS | 25,000 |
| 3 BHK (FF) अपार्टमेंट | 1900 Sq Ft | 60.50 LACS | 66 LACS | 82.50 LACS | 28,000 |
| 3 BHK BIG कोठी | 2000 Sq Ft | 66 LACS | 72 LACS | 90 LACS | 30,000 |
| 4 BHK BIGGER कोठी | 2325 Sq Ft | 77 LACS | 84 LACS | 105 LACS | 40,000 |
| 4 BHK BIGGEST कोठी | 3200 Sq Ft | 110 LACS | 120 LACS | 150 LACS | 50,000 |



KEDIA®

1800-120-2323

78770-72737

info@kedia.com

www.kedia.com

www.rera.rajasthan.gov.in

RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

# भाजपा के 'विजय संकल्प-2023' को पिछले 3 साल से निभा रहे सतीश पूनियां

## उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने के बाद ही रात का भोजन करने और फूल-माला पहनने का लिया था संकल्प

- आमेर में सुबह से लेकर देर रात जनसंपर्क कर भाजपा की प्रचंड जीत का आव्हान कर रहे सतीश पूनियां
- बताया जा रहा है कि सतीश पूनियां के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कार्यकाल में पार्टी ने 50 हजार बूथों पर फोटोयुक्त बूथ समितियों, पन्ना और पेज समितियां का कार्य धरातल पर पूर्ण किया

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर ।** भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष और उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने राजस्थान में "भाजपा विजय-2023" का जो संकल्प 3 वर्ष पहले लिया था, उसे आज भी अनवरत निभा रहे हैं। उनका संकल्प था कि उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने पर ही वे रात्रि का भोजन करेंगे और फूल-माला पहनकर स्वागत करवाएंगे, अन्यथा नहीं।

राज्य में चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से ही डॉ. सतीश पूनियां अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 6 बजे से लेकर देर रात तक आमजन, मतदाताओं और सभी 36 कौम के प्रमुख लोगों से संवाद कर भाजपा की प्रचंड जीत के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहे है। शनिवार को आमेर में माता-बहनों ने मंगलगीत गाकर सतीश पूनियां को आशीर्वाद दिया। भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में बगरू, बस्सी और दूदू में जनसभाओं को संबोधित कर चुके सतीश पूनियां अपने आमेर विधानसभा क्षेत्र में सुबह से ही जनसंपर्क के लिए निकले जाते हैं, इस दौरान वह अपनी गाड़ी में या किसी गाँव-ढाणी में ही स्थानीय लोगों के साथ चाय नाश्ता और दोपहर का भोजन करते है।


उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां शनिवार को जब जनसम्पर्क करने आमेर पहुंचे तो स्थानीय महिलाओं ने मंगत गीत गाकर उनका स्वागत किया।

बता दें कि आमेर विधानसभा क्षेत्र में प्रतिनी दौरे कर सघन जनसम्पर्क कर रहे सतीश पूनियां पिछले 3 सालों से भाजपा के विजय संकल्प के लिये एक संकल्प भी निभा रहे हैं, जिसमें वह राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने पर ही रात्रि का भोजन करेंगे और तभी फूल-माला पहनेंगे।

देखा जाए तो मोदी सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, कोरोनाकाल में भाजपा द्वारा किए गए सेवा कार्यों, आमेर विकास मॉडल और भाजपा संगठन की मजबूती एवं सामाजिक सरोकारों के नाम पर भाजपा को वोट देने की सतीश पूनियां अपील कर रहे हैं। पिछले 3 सालों से अपने संकल्प को निभा रहे सतीश पूनियां राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने पर ही रात्रि का भोजन करेंगे और फूल-माला भी प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर ही पहनेंगे। पिछले तीन सालों से सतीश पूनियां रात्रि का भोजन नहीं कर रहे और फूल माला भी नहीं पहन रहे, उन्होंने उत्तर प्रदेश, गुजरात और राजस्थान में भाजपा की सरकारें बनने ही रात्रि का भोजन करने और फूल-माला पहनने का संकल्प लिया हुआ है।

उल्लेखनीय है कि उत्तरप्रदेश और गुजरात में भाजपा की सरकारें बन चुकी हैं, अब राजस्थान में भाजपा की सरकार बनने तक सतीश पूनियां यह संकल्प निभाएंगे। भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सतीश पूनियां उत्तरप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक इत्यादि राज्यों में चुनाव प्रचार कर चुके हैं। सतीश पूनियां के सवा तीन साल के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कार्यकाल में पार्टी ने 50 हजार बूथों पर फोटोयुक्त बूथ समितियों, पन्ना और पेज समितियां का कार्य धरातल पर पूर्ण किया। पूनियां के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के कार्यकाल में दोनों कोरोनाकाल में पार्टी के सेवा ही संगठन अभियान के तहत पूरे राजस्थान में पार्टी कार्यकर्ताओं ने करोड़ों लोगों की भोजन, राशन,पानी, चरणपादुका, वॉलिन्टियर्स के जरिये बुजुर्गों को उनके घरों तक दवाइयां पहुंचाना इत्यादि मदद की। भाजपा राजस्थान के सेवा ही संगठन अभियान की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2020 में प्रशंसा कर कहा था कि भाजपा राजस्थान प्रदेश संगठन इकाई द्वारा कोरोनाकाल में जरूरतमंदों की मदद के लिये किये गये सेवा कार्य अनुकरणीय और प्रशंसनीय हैं, जिनके जरिये पार्टी ने सामाजिक सरोकारों की मजबूती से भूमिका निभाकर जरूरतमंदों की मदद की।

डॉ. पूनियां कोरोनाकाल में सेवा कार्यों के दौरान स्वयं तीन बार संक्रमित हुये। वहीं भाजपा ने लगातार सड़क से लेकर सदन तक जनहित के मुद्दों पर मुखरता से आवाज उठाई, जिसमें पेपर लीक, महिला सुरक्षा, बिगड़ी कानून व्यवस्था, किसान कर्जमाफी के नाम पर वादाखिलाफी इत्यादि जनहित के मुद्दों पर भाजपा ने जयपुर से लेकर प्रदेश के सभी जिलों में आंदोलन किये।

## दोस्त के साथ मिलकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म किया

**जयपुर।** सदर थाना इलाके में मिस कॉल से फ्रेंडशिप के बाद दोस्त के साथ मिलकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आर्य समाज में शादी कर प्लानिंग के तहत दोस्त को मिलने बुलाया और दूध में नशीली टेबलेट मिलाकर उसे पिला दिया। दोनों आरोपियों ने बेहोशी की हालत में सामूहिक दुष्कर्म किया। इस संबंध में सदर थाने में पीड़िता ने दोनों दोस्तों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश निवासी 22 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि फरवरी में मिस कॉल के जरिए उसकी जान-पहचान उमंग कुमार दूबे से हुई थी। बातचीत के दौरान उमंग ने उसे भिवाड़ी में नौकरी करना बताया। मोबाइल कॉल पर बातचीत के दौरान दोनों में फ्रेंडशिप हो गई। एक-दूसरे से दोनों के मिलने पर शादी करने की तय हुआ।

15 सितम्बर को गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में आर्य समाज में शादी कर ली। कश्मीर घूमने के बाद दोनों बस से जयपुर आ गई। 22 सितम्बर को सदर इलाके में स्थित धर्मशाला लेकर ठहर गए। अगले दिन ही उमंग ने अपने दोस्त भगवान सिंह को बुला लिया। धर्मशाला में भगवान सिंह ने उसके पास वाला कमरा ले लिया। खाना खाने के बाद आरोपी उमंग ने उसे दूध में नशीली टेबलेट मिलाकर पिला दी। बेहोशी की हालत में दोस्त भगवान सिंह के साथ मिलकर आरोपी ने सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जैसे-तैसे बहाना बनाकर आरोपी ने पीड़िता को शांत कर दिया। बाद उसे छोड़कर फरार होने पर पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया।

## बंधक बनाकर युवती से दुष्कर्म

**जयपुर।** करधनी इलाके में पड़ोसी युवक द्वारा युवती को नशीला पदार्थ सूंघा अपहरण कर बंधक बनाने और उससे दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि झोटवाडा निवासी 19 वर्षीय युवती ने मामला दर्ज करवाया है कि पड़ोसी होने के कारण आरोपी से बातचीत होती रहती थी। नौकरी लगाने का झांसा देकर आरोपी पड़ोसी ने उसके ओरिजिनल दस्तावेज लिए थे। आरोपी ने छह अक्टूबर की देर रात आवाज लगाकर गेट खुलवाया। बाहर आने पर रूमाल में नशीला पदार्थ सुंघा दिया। बेहोश होने पर उसको गाड़ी में डालकर रोहतक ले गया। दोस्त के कमरे पर बंधक बनाकर उसका देहशोषण किया। घरवालों के गुमशुदगी दर्ज करवाने पर पुलिस उन्हें ढूंढते हुए पहुंच गई। 9 अक्टूबर को दोनों को पकड़कर पुलिस जयपुर ले आई। पीड़िता आरोपी पड़ोसी द्वारा अश्लील वीडियो वायरल करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने के चलते चुपचाप रही।

# दिवाली आज...दुल्हन सी सजी छोटीकाशी

**जयपुर ।** दीपोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को छोटी दिवाली पर राजधानी का कोना-कोना जगमगा उठा। हर ओर प्रकाश फैला तो अंधकार गायब हो गया। दुल्हन सी सजी चारदीवारी की रंग बिरंगी रोशनी देखने पहुंचे। चांदपोल से लेकर बड़ी चौपड़ की अलग-अलग थीम आधारित रोशनी आकर्षण का केन्द्र रही। किशनपोल बाजार, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़ और छोटी चौपड़ पर बेहद खास सजावट की गई। शनिवार को दोपहर तक त्रयोदशी तिथि होने के कारण लोगों ने खरीददारी की। वहीं शाम को दीपदान किया। रविवार को सुबह नरक चतुर्दशी, रूप चौदस मनाई जाएगी तथा शाम को दीपावली का मुख्य पर्व होगा।



दीपावली पर इस बार लक्ष्मी पूजा के लिए 7 श्रेष्ठ मुहूर्त हैं। लोग घर, दुकान, ऑफिस और कारखाने में अपने हिसाब से अपनी सुविधानुसार लक्ष्मी पूजन कर सकेंगे। पूजा का मुहूर्त दोपहर 1:15 से मध्य रात्रि बाद 2:32 तक अलग-अलग चौघडिये और लग्न में होंगे। इस बार दीपावली पर कई ऐसे शुभ योग बन रहे हैं जो लक्ष्मी पूजन से लेकर नए कार्यों की शुरुआत के लिए बेहद शुभ रहेंगे। दीपावली पर आठ शुभ योग बन रहे हैं। इनमें पांच राजयोग और तीन अन्य शुभ योग रहेंगे। ज्योतिषियों के अनुसार ऐसा संयोग पिछले 700 साल में नहीं बना।

ज्योतिषाचार्य डॉ. महेन्द्र मिश्रा ने बताया कि दीपावली पर गजकेसरी, हर्ष, उभयचरी, काहल और दुर्धरा नाम के पांच राजयोग बन रहे हैं। जो शुक्र, बुध, चंद्रमा और गुरु की स्थिति से बनेंगे। इनके अलावा महालक्ष्मी, आयुष्मान और सौभाग्य भी बन रहे हैं। लक्ष्मी पूजा के समय ऐसा संयोग सदियों में बना है।

दीपावली पर बन रहे शुभ योग उद्योगपति और व्यापारियों के लिए बेहद शुभ रहेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में फायदा होगा। चंद्रमा और बुध राहु-शनि के नक्षत्र में रहेंगे। जिससे उद्योग और टेली-कम्युनिकेशन फील्ड वालों के लिए बड़े बदलाव वाला समय रहेगा और उम्मीद से ज्यादा मिलने के भी योग बनेंगे। ज्योतिषाचार्य पं. महेन्द्र जोशी ने बताया कि लक्ष्मी पूजन प्रदोषयुक्त अमावस्या को स्थिरलग्न और स्थिर नवांश में सर्वश्रेष्ठ होता है। पूजन का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त शाम 6:02 से 6:15 बजे तक है। इसमें प्रदोषकाल, स्थिर वृष लग्न और कुंभ का नवांश भी रहेगा। प्रदोष काल शाम 5:34 से रात्रि 8:13 तक रहेगा।

दुकान-प्रतिष्ठान में पूजन का मुहूर्त सुबह 8:08 से दोपहर 12:11 तक, दोपहर 1:31 से 2:51 तक होगा। अभिजित मुहुर्त सुबह 11:47 से 12:33 तक रहेगा। वृष लग्न शाम 5:50 से रात्रि 7: 47 बजे तक, सिंह लग्न मध्यरात्रि 12:20 से 2:36 तक, शुभ-अमृत-चर का चौघड़िया: शाम 5:34 से रात्रि 10:32 तक और लाभ का चौघड़िया मध्यरात्रि 1:50 से 3:30 तक रहेगा।

## विभागीय जांच में दोषमुक्त होने के बाद भी पेंशन रोकी, अब ब्याज भी देना होगा

### राजस्थान हाईकोर्ट ने कृषि विभाग से रिटायर कर्मचारी की पेंशन और परिलाभ जारी नहीं करने को गलत माना

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने कृषि विभाग से रिटायर कर्मचारी को विभागीय जांच में दोषमुक्त होने के बाद भी उसकी पेंशन और परिलाभ जारी नहीं करने को गलत माना है। इसके साथ ही अदालत ने याचिकाकर्ता को विभागीय जांच पूरी होने की तिथि से पेंशन परिलाभ 9 फीसदी ब्याज सहित अदा करने को कहा है। जस्टिस अनूप ढंड की एकलपीठ ने यह आदेश ओमप्रकाश की याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता कृषि पर्यवेक्षक के तौर पर करौली में कार्यरत था। वर्ष 2014 को वह रिटायर हो गया, लेकिन विभागीय जांच लंबित होने के चलते उसे पेंशन सहित अन्य परिलाभ अदा नहीं किए गए। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र पेश कर जांच जल्दी पूरी करने की गुहार की गई। आखिरकार पांच साल के बाद वर्ष 2019 में जांच पूरी कर याचिकाकर्ता को दोषमुक्त कर दिया गया, लेकिन इसके बाद भी उसे पेंशन व परिलाभ नहीं दिए गए। जब याचिकाकर्ता ने कृषि विभाग में प्रार्थना पत्र दिया तो उसका सर्विस रिकॉर्ड पेंशन विभाग भेजने की जानकारी दी गई। वहीं पेंशन विभाग ने पूर्व में ही रिकॉर्ड वापस विभाग को भेजने की बात कही। इस पर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर पेंशन परिलाभ दिलाने की गुहार की। जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कृषि निदेशक और पेंशन निदेशक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों से जवाब तलब किया। इस पर विभाग ने फरवरी, 2020 में याचिकाकर्ता को पेंशन परिलाभ जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि विभाग ने पहले जानबूझकर जांच पूरी करने में लंबा समय लगा दिया और फिर जांच पूरी होने के बाद भी पेंशन परिलाभ नहीं दिए। ऐसे में उसे बकाया राशि पर ब्याज दिलाया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने जांच पूरी होने की तिथि से पेंशन परिलाभ की राशि पर नौ फीसदी ब्याज देने के आदेश दिए हैं।

## दिवाली की पूर्व संध्या पर आकर्षक रोशनी से जगमगाया अक्षरधाम मंदिर

**जयपुर, (का.सं.)।** रोशनी से जगमगाते वैशाली नगर स्थित श्री स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में दीपोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। दिवाली की पूर्व संध्या पर शनिवार को मंदिर को रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया गया। ठाकुरजी का सुंदर शृंगार किया गया है। दिवाली के विभिन्न कार्यक्रमों की शृंखला में रूप चतुर्दशी के दिन हनुमान पूजा गई। इसी क्रम में दिवाली के दिन 12 नवम्बर, रविवार को प्रातः 9.00 बजे चौपड़ा (बही-खाता) पूजन किया जाएगा। सायं 7.00 बजे भव्य दीपोत्सव की झांकी सजाई जाएगी। दिवाली के अगले दिन 13 नवम्बर, सोमवार को मंदिर में भव्य अन्नकूट महोत्सव होगा। इस दौरान ठाकुरजी को 801 से अधिक प्रकार के विविध क्षेत्रीय यथा-राजस्थानी, गुजराती, उत्तर भारतीय, दक्षिण भारतीय व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। अन्नकूट की झांकी के दर्शन का समय दोपहर 1.00 बजे से लेकर रात्रि 8.00 बजे तक रहेगा।

## राज्यपाल की बधाई

**जयपुर,** राज्यपाल कलराज मिश्र ने देश और प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैया दूज की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल मिश्र ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि यह पर्व दीपकों के उजास में जीवन की उत्सवधर्मिता से जुड़ा है।

## अयोध्या की राम ज्योति से जगमगाएगा जयपुर

**जयपुर, (का.सं.)।** राजधानी सहित प्रदेश भर में इस दिवाली के दीये अयोध्या में 500 वर्ष से प्रज्जवलित अखंड ज्योति से प्रकाशित होंगे। रामराज्य महोत्सव आयोजन समिति की ओर से राजधानी के सैंकड़ों मंदिरों में यह ज्योति पहुंचाई गई है, ताकि लोग दिवाली पर्व पर अपने घर में ज्योति स्वरुप श्रीराम को प्रतिष्ठित कर सकें। लोगों से कहा गया है कि दीपावली पर 108 दिए इसी ज्योति से अपने घर पर प्रज्वलित करें। शनिवार को अनेक मंदिरों में राम ज्योति पहुंचाई गई। कार्यक्रम संयोजक अनीता गजानंद अग्रवाल ने बताया कि आज सीकर रोड खेतान चौराहा से शोभायात्रा के रूप में राम ज्योति पथ नंबर 7 खाटू श्याम जी के मंदिर पहुंचाई गई। श्री राम ज्योति की अखंड ज्योत गाजे बाजे के साथ सैकड़ों राम भक्तों के साथ नाचते गाते हुए श्री श्याम मंदिर तक गई। राम मंदिर अयोध्या की अखंड ज्योत प्रमुख समाजसेवी सुमेर सिंह शेखावत रथ के आगे आगे ज्योत लेकर चले। यात्रा मार्ग में कॉलोनी की महिलाओं ने जगह-जगह दीपक से आरती की एवं रामजोत घर लेकर गई। श्याम मंदिर से मुरलीपुरा एवम सीकर रोड के अन्य मंदिरों में ज्योति पहुंचाई गई। राम ज्योति यात्रा में लघु उद्योग भारती सना डूंगर इकाई अध्यक्ष समर सिंह शेखावत, हरि ओम जन सेवा समिति प्रदेश अध्यक्ष पंकज गोयल, पार्षद सुरेश जांगिड़, भवानी निकेतन मंडल अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल, समाजसेवी चिरंजीलाल कुमावत, गौ भक्त अजय कांत हिंदू, श्याम भक्त सुरेश शर्मा, समाजसेवी ओम प्रकाश मोदी, नेमीचंद सराफ, सुभाष शर्मा, मुकेश जिंदल, संजय मेठी, विजय टांक, विवेक अग्रवाल, दशरथ अग्रवाल, राजकुमार शेखावाटी, उमाशंकर तिवारी, अशोक जांगिड़, महेंद्र शर्मा, संतोष चौमाल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता जय श्री राम का उद्घोष करते हुए साथ-साथ चले।

## बुजुर्गों का आशीर्वाद और युवाओं का समर्थन मिल रहा : कर्नल राज्यवर्धन

**जयपुर, (का.सं.)।** झोटवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी और जयपुर ग्रामीण सांसद कर्नल राज्यवर्धन ने रविवार को राजेन्द्र नगर, बोयथावाला, जोबनेर और गोकुलपुरा में जनसंपर्क कर भाजपा के पक्ष में सरकार बनाने की अपील की। कर्नल राज्यवर्धन को क्षेत्र के बुजुर्गो का भरपूर आशीर्वाद और युवाओं का समर्थन मिल रहा है। जनसंपर्क के दौरान कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कि प्रदेश में भाजपा प्रत्याशीओं के समर्थन में उमड़ रहा जन सैलाब बता रहा है कि अबकी बार यहां भाजपा की लहर नही बल्की सुनामी है जिसमें कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने वाला है, क्योकी राजस्थान की जनता सब कुछ बर्दाश्त कर सकती है लेकिन नारी का अपमान, किसानो-युवाओं के साथ वादाखिलाफी, तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और अपने साथ हुए धोखे को नहीं। कर्नल राज्यवर्धन ने कहा कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति से सनातन को मिटाने का प्रयास किया है। गहलोत सरकार ने राजस्थान हिन्दू त्यौंहारों पर डीजे बजाने, भगवा पताका पर प्रतिबंध लगाने का काम किया है।

**तीये की बैठक**



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय पिताजी

**श्री सीताराम जी पारीक**

(बोहरा) पुत्र स्व. श्री रामगोपाल पारीक (बोहरा) का स्वर्गवास 10.11.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक 13.11.2023 को सायं 4 से 5 बजे तक पारीक कॉलेज (बनीपार्क) जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल**- मुन्नीदेवी (पत्नी) प्रकाश राय, माधो प्रसाद (भ्राता) नागेश पारीक (पुत्र) अरुण, निलेश, अजय, राजकुमार, अमर (भतीजे) संतोष-संजय, कृष्णा- रामअवतार, पूनम-नागरमल (बेटी- दामाद) एवं समस्त बोहरा परिवार जयपुर वाले। 7665889863, 9024838992

**नम्बर मिलाइए 9587884433**

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## पीड़ित बच्चियों को न्याय की बजाय प्रताड़ना मिलती है : सी.पी. जोशी

### 'पीड़िताओं के परिजनों को कहा जाता है कि चुप रहो या समझौता कर लो'

- दुष्कर्म की घटनाएं राजस्थान की नाकाम, लाचार और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार की बनाई व्यवस्था के कारण : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

**जयपुर (कासं)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने आज प्रदेश मीडिया सेंटर पर दौसा में पांच वर्षीय बच्ची के साथ एसआई द्वारा किए गए दुष्कर्म की घटना पर पत्रकारों के प्रश्नों के जवाब में कहा कि प्रदेश में प्रतिदिन बच्चियों के साथ दुष्कर्म की शर्मसार करने वाली ऐसी घटनाएं सामने आ रही है। दौसा जिले में हुई यह दुष्कर्म की घटना प्रदेश की नाकाम, लाचार और भ्रष्ट कांग्रेस सरकार के द्वारा बनाई व्यवस्था के कारण हो रही है, जहां रक्षक ही भक्षक बने हुए हैं।

प्रदेश में छोटी बच्चियों और महिलाओं से दुष्कर्म की घटनाओं पर प्रदेश सरकार ने कभी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। सरकार हमेशा दुष्कर्मियों के साथ खड़ी नजर आती है। मुख्यमंत्री से इस बारे में पूछा जाए तो कहते हैं 56 प्रतिशत दुष्कर्म के मामले फर्जी होते हैं, लेकिन कभी अपनी सरकार की खामियों को स्वीकार नहीं करते। आज प्रदेश की स्थिति जंगल राज से बदतर हो चुकी है। 35 हजार बेटियों के साथ दुष्कर्म की घटना हुई है। प्रदेश में प्रतिदिन 18 से 20 दुष्कर्म की घटनाएं हो रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश की जनता अब सत्ता परिवर्तन का संकल्प ले चुकी है। मुख्यमंत्री अगर स्वाभिमानी व्यक्ति होते तो अपने पद से इस्तीफा दे देते, लेकिन अब जनता उन्हें कुर्सी से हटाकर सबक सिखाएगी। दौसा में 5 वर्षीय बच्ची के साथ हुई दुष्कर्म की घटना प्रदेश की सभी मर्यादाओं को तार-तार करने वाली है। ऐसी घटनाओं की बार-बार पुनरावृति का होना दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पीड़िताओं को जब न्याय की जगह प्रताड़ना दी जाती है। पीड़ित महिलाओं और बच्चियों की चीखें मुख्यमंत्री के कानों तक नहीं पहुंचती। दुष्कर्म के मामले में एफआईआर कराने के लिए जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं को थाने के बाद धरने पर बैठना पड़ता है।

इस कारण प्रदेश में बार-बार ऐसी घटनाएं घटित हो रही हैं और जिन लोगों के हाथों में रक्षा करने का दायित्व है, वही भक्षक बने हुए हैं।

## मतदान प्रक्रिया का 3डी अनुभव कर रहा वोटिंग के लिए प्रेरित

**जयपुर, (का.सं.)।** आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय, जयपुर द्वारा जिले के सभी 19 विधानसभा क्षेत्रों में सघन मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत विभिन्न स्थानों पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस कड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह के निर्देश पर जिला स्वीप टीम द्वारा जयपुर के जेएलएन मार्ग स्थित सरस पार्लर पर वीआर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया।

**NAME CHANGE**

I Divya Kapoor W/o Deepak Kumar Resident of 29, Patel Nagar, Mahesh Nagar, Gopalpura, Jaipur. Pincode-302015, Have Change My Name from Divya to Divya Kapoor.

I Suleman Khan S/o Ahmed Khan Saiyyad R/o Khundawas, Rupawas, Pali, Rajasthan-306401, have changed my name to Suleman Khan Saiyyad.

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य श्री जावेद खान पुत्र श्री सज्जाद खॉ उर्फ शहजाद खॉ निवासी 2 ड 24 हाऊसिंग बोर्ड शास्त्री नगर जयपुर राजस्थान के पुत्र मो. फैज खॉन एवं पुत्रवधू श्रीमती रिजवाना उसके कहने सुनने में नहीं है तथा आए दिन लड़ाई-झगडा मारपीट करते है इसलिए मेरे अभिभाष्य अपने उक्त पुत्र-पुत्रवधू को तुरन्त प्रभाव से अपनी चल एवं अचल सम्पत्तियों से बेदखल करते हैं। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था मेरे अभिभाष्य के उक्त पुत्र व पुत्रवधू से किसी भी प्रकार का संव्यवहार लेन-देन इत्यादि करता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसके स्वयं की होगी। नोट- इस नोटिस की एक प्रति मेरे कार्यालय में सुरक्षित रखी गई है जो वक्त जरूरत आपके विरूद्ध प्रयोग की जावेगी सूचित रहे।
(रविन्द्र सिंह) एडवोकेट
निवास/ऑफिस- 181, सिलोवान का रास्ता, हवामहल बाजार, जयपुर, पिनकोड-302001

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य पवन सैनी के पिता श्री पूरण मल सैनी द्वारा उनके स्वामित्व व आधिपत्य की सम्पत्ति 1360, बरकत नगर, जयपुर (राजस्थान) के दस्तावेजों को एच.डी.एफ.सी. लि. में बंधर रख/ रहन रख कर एच.डी.एफ.सी. लि. से ऋण खाता संख्या 617260685 के जरिए ऋण प्राप्त किया गया था। श्री पूरण मल सैनी का 29.08.2023 को स्वर्गवास हो चुका है तथा उक्त ऋण पूर्ण अदायगी मेरे अभिभाष्य द्वारा की जा चुकी है तथा स्व. श्री पूरण मल सैनी की पत्नी श्रीमति विमला व पुत्रियान सूरज सैनी, सुशीला सैनी व गीता देवी द्वारा उक्त बंधक रखी गई सम्पत्ति के दक्षणी पूर्वी भाग क्षेत्रफल 153.33 वर्गगज में अपना सम्पूर्ण हक, हिस्सा मेरे अभिभाष्य के हित में जरिये रजिस्टर्ड हक त्याग-पत्र दिनांक 27.10.2023 द्वारा हक त्याग कर दिया गया है। मेरा अभिभाष्य द्वारा उक्त सम्पति के असल दस्तावेज एच.डी.एफ.सी. बैंक लिमिटेड में हो गया है, से प्राप्त करने का अधिकारी है। यदि स्व. श्री पूरण मल सैनी के किसी भी उत्तराधिकारी अथवा किसी भी व्यक्ति, संस्था आदि को उक्त सम्पति के दस्तावेज मेरे अभिभाष्य को दिये जाने के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का कोई ऐतराज हो तो 7 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता से लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सम्पर्क करें, बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।
जयपुर (रामेश्वर सिंह राठौड़) एडवोकेट
दिनांक-11.11.2023 मो.नं. 9829256466

**कार्यालय ग्राम पंचायत हांसपुर**
पंचायत समिति, श्रीमाधोपुर, जिला नीमकाथाना

लोकतंत्र का उत्सव
विधानसभा आम चुनाव-2023

सही चुनें, वोट जरूर दें
लोकतंत्र के उत्सव को सफल बनाएं

मतदान दिवस 25 नवम्बर 2023 देश के प्रति जिम्मेदारी निभाएं मतदान करने अवश्य जायें

सर्वजन से अपील

- बहकावे में कभी न आना, सोच समझकर बटन दबाना
- डाले वोट, बूथ पर जाएं। लोकतंत्र का पर्व मनाएं
- हमने मन में ठाना है। वोट डालने जाना है
- समझो और समझाओ। वोट जरूर डालने जाओ
- स्वयं जागे औरों को जगाएं, शत प्रतिशत मतदान करवाएं
- उठो। साथियों अब नहीं सोना। अपने वोट का हक नहीं खोना
- फुर्सत निकालों काम से, लोकतंत्र मजबूत करो मतदान से
- आपकी आवाज, आपकी पहचान। मत अधिकार एक बहुमूल्य सम्मान
- समय वोट के लिए निकाले। जिम्मेदारी कभी ना टाले
- सबकी सुने, सभी जाने। निर्णय अपने मन का मानें
- निर्भय हो मतदान करेंगे। देश क हम सम्मान करेंगे।
- वोट डालने को ना समझे आफत। ये लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत
- देश को मजबूत बनाना है। वोट डालने जरूर जाना है।
- पुरूष हो या महिला, मतदान करने का फर्ज है पहला
- कहते है हम डंके की चोट, मजबूत लोकतंत्र के लिये करेंगे वोट
- जागरूक नागरिक की क्या पहचान। मताधिकार को समझे अपनी शान
- वीवीपैट मशीन से अपने मतदान को कर्न्फम करें।
- शत प्रतिशत मतदान करेंगे, एक नया इतिहास रचेंगे।
- गांव को स्वच्छ साफ सुथरा बनाए रखें।
- दुकान व घरो का कचरा पात्र में ही डाले।
- जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाएं।
- जल को नालियों में नहीं बहाने दे जल बचाएं।
- प्लास्टिक की थैलियां को कहें अलविदा जूट के बैग अपनाएं पर्यावरण बचाएं। कूड़ा करकट नहीं फहलायें।

बिमला देवी, सरपंच
18 वर्ष पूर्ण होने पर वोटर लिस्ट में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं।
सुमेर सिंह शेखावत, ग्राम विकास अधिकारी

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूण्डरू**
पंचायत समिति, श्रीमाधोपुर, जिला नीमकाथाना

आम जनता से अपील

- ग्राम एवं पंचायत क्षेत्र की सरकारी भूमि, रास्तों पर अतिक्रमण नहीं करें।
- खुले में शौच नहीं करें, शौचालयों का निर्माण करवाये।
- पर्यावरण की सुरक्षा हेतु ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए।
- अपनी पंचायत, गांव, मौहल्ले व घरों के सामने स्वच्छता बनाए रखें एवं कचरा निर्धारित स्थान पर ही डाले।
- प्लास्टिक कैरी बैग का प्रयोग ना करें, जूट/कपडे के थैले का इस्तेमाल करें।
- बिजली व पानी की बचत करें।

वोट जरूर डालो सा मतदान दिवस 25 नवम्बर 2023

- 100 प्रतिशत मतदान करें एवं एक नया इतिहास रचें।
- लोकतंत्र में भागीदारी हम सब की जिम्मेदारी।
- सबसे बड़े लोकतंत्र में भागीदारी निभायें।
- मतदान दिवस को उत्सव के रूप में मनायें।
- देशहित + आपका कर्तव्य = मतदान।
- किसी भी प्रकार के लोभ, लालच, बहकावें में न आवें।
- भयमुक्त मतदान करें। वोट जरूर डाले ये आपका अधिकार हैं।
- मतदान आपका लोकतांत्रिक अधिकार ही नहीं अपितु कर्तव्य भी है, मताधिकार के प्रति जागरूक बनें और अपने मत का प्रयोग करें।

सुमित्रा देवी, सरपंच
दीपक सैन कनिष्ठ सहायक एवं समस्त वार्ड पंच ग्राम पंचायत मूण्डरू
मनोहर सिंह शेखावत, ग्राम विकास अधिकारी

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

ARBiT



**From a house to a home**

Perhaps there is a different kind of love that goes in making meals when you send home made food for someone. The one that doesn't cause acidity


**50 YEARS OF RAMBAGH PALACE**

Rambagh Palace in Jaipur recently celebrated its 50-year legacy with a grand event.






# अयोध्या में सरयू के घाटों पर 24 लाख दिए जलेंगे






## गत वर्ष दीपावली पर 16 लाख दीपक जलाए गए थे, जो एक विश्व रिकॉर्ड था, इस बार यह रिकॉर्ड टूटेगा

- इस बार खास बात यह है कि, घर बैठे भक्तजन ऑनलाइन सुविधा से दिया जलवा सकते हैं।
- 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने जा रहा है।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। श्रीराम जन्मभूमि के आगामी 22 जनवरी को होने जा रहे उद्घाटन से पूर्व अयोध्या में कल एक भव्य दीपोत्सव आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सरयू नदी के 51 घाटों पर 24 लाख दिए जलाने का लक्ष्य है। इस वर्ष के दिवाली महोत्सव में रामभक्तों के लिए दूरस्थ स्थलों से ही ऑन लाइन दिया जलाने का एडीशनल फीचर उपलब्ध है। भगवान राम के अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले इस त्योहार पर रातभर चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

अयोध्या में पिछले वर्ष दिवाली पर इससे कम मात्रा में 16 लाख दिए जलाए गए थे, जो उस समय अपने-आप में एक रिकॉर्ड था।

भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र में वर्ष 1996 से ही भव्य राम मंदिर बनाने का वादा किया जाता रहा है और पार्टी को सत्ता तक पहुंचाने में इस वादे की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

अब जबकि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा, यानि कि शुभांरभ में केवल दो माह ही शेष हैं, इसलिए अगले वर्ष होने जा रहे महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों में इस मुद्दे पर एक बार फिर राजनीतिक बढ़त प्राप्त करने को लेकर भाजपा अंतिम प्रयास करते प्रतीत होते हैं। वर्ष 2024 के भाजपा के चुनाव घोषणा पत्र के लिए उम्मीद है कि जम्मू एवं कश्मीर में धारा 370 का हटाया जाना और राम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# क्या वरूण कांग्रेस जॉइन करेंगे?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। अटकले जोरों पर है कि उत्तर प्रदेश के भाजपा

- भाजपा सांसद वरूण गांधी की राहुल गांधी के साथ केदारनाथ में हुई मुलाकात के बाद से वरूण के कांग्रेस में आने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

सांसद वरुण गांधी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं। हाल ही में केदारनाथ मंदिर के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### छुट्टी की सूचना

दीपावली पर्व के अवसर पर राष्ट्रदूत कार्यालय में दिनांक 12 एवं 13 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अतः दैनिक राष्ट्रदूत का आगामी अंक 15 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

**प्रबंध सम्पादक**

# दर्जनों गारंटियों के बाद भी गहलोत सरकार का अलोकप्रिय होना अजीब पहेली बना हुआ है

- शायद पहली बार देखने को मिला है कि, विधायक और मंत्री, पुलिस थानों से लेकर शिक्षा विभाग तक के बाबू व टीचर्स की पोस्टिंग में मोटी कमाई कर रहे हैं। पी.डब्ल्यु.डी., बिजली व जलदाय विभाग में दुर्गम से सुगम स्थान पर पोस्टिंग के बदले रिश्वत का कारोबार कई लाख तक पहुंचा हुआ है।
- बिजली विभाग के युवा ठेकेदार ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि, सरकारी काम बिना कमीशन के नहीं मिल सकता, पहले की तुलना में कमीशन का रेट बढ़ा है।
- आश्चर्य तो यह है कि, पुरानी पेंशन योजना की गारंटी देने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों में गहलोत सरकार को सत्ता में वापस लाने का वह उत्साह नहीं दिखता, जो दिखना चाहिए था।

-उमाकांत लखेड़ा-

जयपुर, 11 नवम्बर। पच्चीस लाख रुपये की स्वास्थ्य बीमा गारंटी, चिरंजीवी योजना, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना, महिलाओं और लड़कियों को मोबाईल व स्कूटी और गृहलक्ष्मी गारंटी योजना के तहत उन्हें 1000 रु. की पेंशन सहित 10 गारंटियों के बाद भी गहलोत सरकार का अलोकप्रिय होना इस चुनाव में अपने आप में अजीब पहेली बना हुआ है।

यहां यह बात आमतौर पर मानी जा रही है कि लोगों की शिकायत मुख्यमंत्री गहलोत से नहीं बल्कि उनके मंत्रियों, विधायकों, सरकार के करीबी बिचौलियों व नौकरशाही की लालफीताशाही से है। आखिर उनके इन कामों को आम जनता तक पहुंचाने के काम में विधायक, मंत्री और सरकारी अमला क्यों फिसड्डी साबित हुआ

दौसा मुख्य बाजार, रेलवे स्टेशन के पास छोटा मोटा कारोबार करने वाले रविकिशन कहते हैं, पुलिस विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग पहले महकमे के भीतर से ही किये जाते थे, कोई सरकारी दखल नहीं होता था। काबिल और ईमानदार

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )







## विचार बिन्दु

पाप का संचय ही दुःखों का मूल है। –बुद्ध

# शरद ऋतुचर्या के स्वास्थ्य में योगदान पर एक वैज्ञानिक विश्लेषण

आयुर्वेद में दिनचर्या, रात्रिचर्या वऋतुचर्या का अनुपालन स्वास्थ्य-रक्षा की रणनीति है। ऋतुचर्या पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ हमारे रिश्तों की निरंतर सार-संभाल या अनुकूलन के रूप समझी जा सकती है। यह अनुकूलन धातुसाम्य रखते हुये हमें स्वस्थ रखता है। यही अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है। स्वास्थ्य रक्षा हेतु समुचित ऋतुचर्या का पालन बहुत उपयोगी है। इससे अनावश्यक बीमार पड़ने से होने वाली धन की बर्बादी से बचा जा सकता है।

आयुर्वेद के अद्वितीय मूल सिद्धांतों में छः क्रियाकाल जिसमें बीमारी के विकास के विभिन्न चरण सम्मिलित हैं, की अवधारणा बीमारी से बचाव और सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन के लिये बहुत प्रासंगिकता रखती है। क्रियाकाल सही समय पर बचाव के उपायों को क्रियान्वित करके प्रत्येक चरण में रोगजनन को रोकने के समुचित अवसर प्रदान करते हैं। आधुनिक वैज्ञानिक परिपेक्ष्य में देखने पर स्पष्ट होता है कि हमारी आंत में पाए जाने वाले माइक्रोबायोम की प्रत्येक ऋतु में सार-संभाल कर बीमारी को शुरुआत से ही रोक देने में मौसमी आहार-विहार का बड़ा योगदान है। आयुर्वेद का सिद्धांत है कि अग्नि के विक्षोभ के बिना कोई भी रोग कभी उत्पन्न नहीं होता है। इसीलिये आयुर्वेद में रोगों को होने से रोकने और हो जाने पर उपचार की युक्ति अग्नि या पाचन-शक्ति के प्रबंध पर केंद्रित है। जब अग्नि की कार्यप्रणाली गड़बड़ हो जाती है, तो शरीर में आम-विष उत्पन्न होता है और यह प्राकृत दोषों में विक्षोभ पैदा कर देता है। आम विष का शरीर में प्रसार विभिन्न रोगों के रूप में प्रकट होता है। समकालीन शोध से ज्ञात होता है कि आंत में पाए जाने वाले माइक्रोबायोम या गट-फ्लोरा पाचक अग्नि और चयापचयी विषाक्त पदार्थों (आम) पर प्रभाव डालते हैं। गट-फ्लोरा या गट-माइक्रोबायोटा पर आहार, विहार और मौसमी जलवायु जैसे कारकों के प्रभाव को विनियमित करने में ऋतुचर्या का गंभीर योगदान है (देखें आर.दीप्ति इत्यादि, जर्नल ऑफ़ एथनिक फूड्स, 8:2, 2021)।

आधुनिक वैज्ञानिक शोध से यह भी स्पष्ट होता है कि ठण्ड के मौसम में प्रायः हृदयघात, अस्थमा का प्रकोप, चमड़ी में रूखापन, जोड़ों में दर्द, क्रोनिक ब्रोंकाइटिस आदि प्रमुख समस्यायें होती हैं। शरद ऋतु में एक तरफ तो उच्च कैलोरी-युक्त नियमित भोजन की आदत और दूसरी तरफ शारीरिक व्यायाम आदि में कमी भी हानि पहुंचाते हैं। विशेषकर ठंड के कारण रजाई में घुसे रहने या सोफे में धंसे रहने के कारण रक्त संचरण में कमी आती है, आलस्य बढ़ता है तथा चर्बी बढ़ती है। शरद ऋतु में फैट-सेल्स के विशेष तरीके से व्यवहार के कारण शरीर में दर्द, संक्रमण, और व्याधिक्षमत्व में कमी जैसी समस्यायें हो सकती हैं। गर्मी के मौसम की तुलना में सर्दियों के मौसम में रक्तचाप काफी बढ़ जाता है। यह बढ़त ग्रामीण क्षेत्रों और बुजुर्ग लोगों में अधिक देखी जाती है। वातावरण का तापमान, सापेक्ष-आर्द्रता, ओस और धूप जैसे विभिन्न मौसमी कारकों में से वातावरण का तापमान रक्तचाप के उतार-चढ़ाव का सबसे महत्वपूर्ण निर्धारक है। उच्च रक्तचाप की चिकित्सा में इस मौसमी बदलाव को ध्यान में रखा जाना आवश्यक होता है (इंडियन हार्ट जर्नल, 70: 360-367, 2018)। वर्षाकाल के बाद सर्दियों के मौसम के दौरान शहरों में वायु प्रदूषण के कारण पार्टिकुलेट मैटर्स में बढ़त होती है। यही कारण है कि इस दौरान श्वसन और हृदय रोगियों की अस्पताल में प्रवेश बढ़ने लगता है। सर्दियों के मौसम में पी.एम.2.5 से संबंधित मृत्युदर और रुग्णता के मामलों की संख्या गर्मियों के मौसम की तुलना लगभग तीन गुना अधिक होती है (एप्लाइड एनर्जी, 249: 316-325, 2019)। इस दौरान आग तापने (बोनफायर) की परंपरा के कारण भी अस्थमा, राइनाइटिस व ट्यूबरकुलोसिस आदि में बढ़त होती है। अध्ययनों से यह भी स्पष्ट होता है कि ट्यूबरकुलोसिस के संक्रमण का जोखिम सर्दियों के महीनों के दौरान प्रायः सबसे अधिक होता है (जर्नल ऑफ़ ग्लोबल इन्फेक्सिअस डिजीजेस, 3: 46-55, 2011)। पूर्व में हुये अध्ययन बताते हैं कि सर्दियों के महीनों में अंत की ओर स्वाइन फ्लू संक्रमण में बढ़त भी पायी जाती है (वायरस डिजीज, 28: 33-38, 2017)।

इन सब कारणों से शरद ऋतु की ऋतुचर्या को अपनाने का समय है, पर एक महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि आयुर्वेद में ऋतुचर्या किन सिद्धांतों को ध्यान में रखकर तय की गयी होगी? लगभग 5000 साल पहले तय की गयी ऋतुचर्या क्या आज भी उपयोगी है? संक्षेप में देखें तो पहली बात यह है आयुर्वेद का लोक-पुरुष-साम्य सिद्धांत यह स्पष्ट करता है कि पुरुष लोक के समान है (च.शा.5.3:पुरुषोऽयं लोकसम्मितः) इस सिद्धांत के प्रकाश में देखने पर लोक या पृथ्वी के वातावरण का सीधा-सीधा प्रभाव मानव के स्वास्थ्य पर पड़ता है क्योंकि लोक और पुरुष में समानता (च.शा.5.3: लोकपुरुषयोः सामान्यम्) होने से सामान्य-विशेष का सिद्धांत कार्य करता है। अर्थात सामान भावों को सामान भावों से मिलाने पर उस भाव की वृद्धि और असमान भावों को मिलाने पर ह्रास होता है। सत्य बुद्धि तभी प्रकट होती है जब स्वयं के अंदर प्रकृति को व प्रकृति के अंदर स्वयं को देखा जाये (च.शा.5.7): सर्वलोकमात्मन्यात्मानं च सर्वलोके सममनुपश्यतः सत्या बुद्धिः समुत्पद्यते। यहाँ पर लोक से तात्पर्य पूरी दुनिया के वातावरण से है जिसमें छः धातुयें पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश तथा आत्मा शामिल हैं (च.शा.5.7): षड्धातुसमुदायो हि सामान्यतः सर्वलोकः। इस सूची में आत्मा का शामिल होना आश्चर्यजनक नहीं मानना चाहिये क्योंकि पौधे, प्राणी और सम्पूर्ण जीवन भी लोक में शामिल है। उपरोक्त साम्य के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण बात यह है कि जिस प्रकार चंद्रमा, सूर्य, और वायु क्रम से विसर्ग, आदान, विक्षेप क्रियाओं से जगत का धारण करते हैं ठीक उसी प्रकार सोमांश कफ, सूर्य जैसा पित्त, तथा वायु देह का धारण करते हैं (सु.सू.21.8): विसर्गादानविक्षेपैः सोमसूर्यानिला यथा। धारयन्ति जगद्देहं कफपित्तानिलास्तथा।।

**वर्षा ऋतु में पानी से भीगे हुये शरीर में पित्त का संचय होता रहता है। ऐसे शरीर पर जब सहसा शरद ऋतु के सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो शरीर के अवयवों के संतप्त होते ही वर्षा ऋतु में संचित हुआ पित्त शरद ऋतु में कुपित हो जाता है। अतः पित्त-जनित विकारों से बचने के लिये तिक्त घृत का सेवन, विरेचन तथा यथावश्यक रक्तमोक्षण कराना चाहिये।**

इन आयुर्वेदिक सिद्धांतों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण से देखा जाये तो पर्यावरण और पारिस्थिक तंत्र के साथ मानव के रिश्तों की अनवरत सार-संभाल या अनुकूलन ही ऋतुचर्या है। इसे साधारण शब्दों में यों समझें कि यदि हवा, पानी, तापक्रम, मिट्टी, पेड़-पौधों में ऋतु के अनुसार परिवर्तन होते हैं तो हमें भी उसके अनुसार जीवन-शैली और खान-पान और पहनावे में परिवर्तन करना पड़ता है। यह परिवर्तन या अनुकूलन ही धातुसाम्य रखता है। यही अनागत रोगों का प्रतिकार या विकार-अनुत्पत्ति में सहायक है।

शरद ऋतु के लिये सबसे उपयुक्त भोजन को देखें तो कषाय, मधुर और तिक्त रस, लघु, शीतवीर्यतथा पित्त को शांत करने वाले अन्न पान का भूख लगने और पूर्व में खाया भोजन पच जाने के बाद, मात्रा-पूर्वक सेवन करना चाहिये। शरद ऋतु के लिये सबसे उत्तम खाद्य पदार्थों में दूध, गुड़, मधु या शहद, शालि-चावल, अगहनी-चावल, मूंग, जौ, गेहूँ, मिश्री, खांड, पुराने अन्न, आँवला और परवल शामिल हैं। परन्तु सबसे अधिक यह ध्यान रखना आवश्यक है कि ऋतु चाहे जो हो आहार अच्छी तरह भूख लगने पर सम्यक मात्रा में ही खाना उपयोगी है। किसी भी ऋतु के दौरान उत्पन्न होने वाले फलों का आहार भी उस ऋतु के लिये सर्वोत्तम है। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों की सलाह यह है कि फल प्रतिदिन और पर्याप्त मात्रा में लेना स्वास्थ्य के लिये लाभदायक है।

शरीर में संचित पित्त संशोधन के लिये तिक्त घृत का पान और जरूरी हो तो आयुर्वेदाचार्यों की सलाह और देखरेख में रक्तमोक्षण उपयोगी रहता है। इस प्रक्रिया से वर्षा ऋतु के दौरान संचित हुये पित्त का शरीर से निर्हरण हो जाता है।

शरदऋतु में कुछ ऐसे अपथ्य हैं जिनसे बचना भी आवश्यक है। मुख्य बात यह है कि ओस, क्षार, ठूँस-ठूँस कर खाने, दही, तेल, वसा, बहुत गर्म दूध, तीक्ष्ण मदिरा, दिन में सोना और पुरवाई हवा से बचना चाहिये। शरद ऋतु में अतितीक्ष्ण, अम्ल, उष्ण पदार्थ, दिन में सोना या धूप में देर तक बैठना, रात में जागना तथा अधिक सहवास वर्जित है। शरद ऋतु में हालाँकि धूप सेंकना अच्छा लगता है, किन्तु धूप में बहुत देर तक बैठना स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होता। हाँ, विटामिन-डी की कमी को अवश्य धूप में थोड़ी देर रहकर पूरा किया जा सकता है। समुचित और सीमित संख्या में व्रत भी रखे जाना उपयोगी होता है।

पेय पदार्थों में स्वच्छ निर्मल जल तो सभी ऋतुओं में उत्तम है। ऐसा पानी जिसमें चन्द्रमा की किरणें पड़ी हों, जो मल रहित, साफ़-सुथरा हो और प्रसन्नता देने वाला हो, वही पीने में उपयोग करना चाहिये। ऐसा जल जो दिन के समय सूर्य की किरणों के तेज से तप्त और रात के समय चन्द्रमा की किरणों से शीत हुआ हो, विष व विषाणु मुक्त तथा पवित्र हो, उसे हंसोदक कहा जाता है। यह जल पीने के लिये सर्वश्रेष्ठ है। ऐसे जल में स्नान और डुबकियाँ लगाना भी अमृत की तरह फलदायी है। इस प्रकार का जल सर्दी-गर्मी नहीं करता है। कमल और उत्पल से युक्त तालाब में तैरना, रात्रि के शुरूआत में चंदन, खस तथा कपूर का लेप लगाकर, मोतियों या श्वेत पुष्प की मालायें धारण कर, साफ-सुथरे वस्त्र पहनकर, चूने से पूते हुये भवन की उपरी छत पर बैठकर धवल चांदनी का आनंद लेना चाहिये।

एक प्रश्न यह उठता है कि अन्य ऋतुओं की भांति शरद ऋतु में भी विशेष शोधन का प्रावधान क्यों है? जैसा कि पूर्व में कहा गया है, वर्षा ऋतु में संचित पित्त का संशोधन न किया जाये तो यह बीमारी का कारण बनता है। इसीलिये युक्तिपूर्वक तिक्त घृत का सेवन तथा रक्तमोक्षण उपयोगी होता है। वर्षा ऋतु में शरीर वर्षाकालीन शीत का अभ्यस्त होता है। वर्षा ऋतु में पानी से भीगे हुये शरीर में पित्त का संचय होता रहता है। ऐसे शरीर पर जब सहसा शरद ऋतु के सूर्य की किरणें पड़ती हैं तो शरीर के अवयवों के संतप्त होते ही वर्षा ऋतु में संचित हुआ पित्त शरद ऋतु में कुपित हो जाता है। अतः पित्त-जनित विकारों से बचने के लिये तिक्त घृत का सेवन, विरेचन तथा यथावश्यक रक्तमोक्षण कराना चाहिये।

आयुर्वेद की ऋतुचर्या का वर्णन विश्व में सबसे प्राचीन है और इस बात के प्रमाण हैं कि इस विद्या को प्राचीन चीन एवं ठीक चिकित्सा पद्धतियों सहित विश्व की अन्य चिकित्सा पद्धतियों ने भारत से सीखा और अपनी पद्धति में समाहित किया। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में ऋग्वेद, अथर्ववेद, चरकसंहिता और सुश्रुतसंहिता आदि में हिप्पोक्रेट्स (460-370 ईसा पूर्व) और गैलेन (129-?199/216 ईस्वी) से कम से कम 1500 वर्ष पूर्व हितायु, सुखायु, स्वास्थ्य और चिकित्सा के लिये ऋतुचर्या, दिनचर्या, रात्रिचर्या, स्वस्थवृत्त, सद्वृत्त, आहार एवं रसायन के महत्त्व को बहुत विस्तृत रूप से प्रतिपादित व वर्णित किया गया था।

ऋतुचर्या का समकालीन महत्त्व आज भी कम नहीं हुआ बल्कि यह हमारी बिगड़ती जा रही जीवनशैली के कारण होने वाले गैर-संचारी रोगों से बचाव का रास्ता है। मौसमी बदलाव के कारण आंत माइक्रोबायोम में होने वाले बदलाव को नियंत्रित करने के लिए मौसमी आहार-विहार अपनाना आवश्यक हो जाता है। इन सब बातों का ध्यान रखकर शरदऋतु में स्वयं को दोष संचय से बचाते हुये स्वस्थ व सुखी रहा जा सकता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# गोलमाल है भई सब गोलमाल है



डॉ. रामावतार शर्मा

**वर्षों** पहले सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारत के गृह मंत्री के पद से यह सलाह दी थी कि ; राजकीय सेवाएं पार्टी से ऊपर होनी चाहिएं और हमें सुनिश्चित करना चाहिए कि सेवाओं की भर्ती या इनके अनुशासन एवम् नियंत्रण में राजनीतिक दखल यदि पूरी तरह से हटाया नहीं भी जा सके तो कम से कम न्यूनतम तो अवश्य रखा जाए। ; अब यदि हम आज के हालात देखें तो पटेल की सलाह एक दिवास्वप्न लगती है क्योंकि सरकार के सामान्य कर्मचारी की बात तो छोड़ दीजिए, यहां तो उच्चतम अधिकारी भी शतरंज के प्यादे जैसे बना दिए गए हैं। यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा द्वारा चयनित अधिकारी सत्ता की न बुझनेवाली प्यास से त्रस्त नेताओं द्वारा कठपुतली बना दिए गए हैं और परिणामस्वरूप अधिकतर तो भ्रष्टाचार की प्रतिमूर्ति बन गए हैं। आत्मसम्मान और प्रतिष्ठा खो जाने के अहसास को अधिकारी अब धन संग्रहण द्वारा भरने की आपधापी में लगे नजर आ रहे हैं। आदर्श एवम् चरित्र को भ्रष्टाचार रूपी दानव नियुक्ति पत्र मिलने के थोड़े समय बाद ही निगल लेता है। आज देश में ईमानदारी का न तो सम्मान है और न ही कोई सुरक्षा उपलब्ध है तथा बेईमानी और भ्रष्टाचार पर कोई सामाजिक या राजकीय प्रतिबंध या शर्म भी नहीं है। यदि रिश्वत लेते पकड़े भी गए तो चन्द महीनों में बात आई गई हो जायेगी, कुछ लेन देन होगा और वापिस उसी पद पर नियुक्ति हो जाएगी। समाज में भी प्रतिष्ठा बढ़ जाती है कि बंदा पैसे वाला है। भ्रष्ट तरीके से कमाए धन को मिली सामाजिक प्रतिष्ठा एक राष्ट्रीय त्रासदी है।

आज की परिस्थितियों में क्या हम कल्पना कर सकते हैं कि कोई केंद्रीय सेक्रेटरी प्रधानमंत्री या गृह मंत्री के किसी निर्णय पर नोट ऑफ डिसेंट (असहमति टिप्पणी) अंकित कर दे ? ऐसा हो नहीं रहा है पर होना चाहिए वरना दीर्घकाल में यह प्रजातंत्र के लिए घातक होगा। आज लेटरल एंट्री से केंद्रीय सेक्रेटरी लिए जा रहे हैं। स्वाभाविक है कि ऐसे लोग सरकार के अपने चहेते लोग ही होंगे और विशेषकर देश के प्रधानमंत्री के चहेतों को ही इस तरह का विशेष अवसर मिलेगा। अब ऐसे लोग उनके किसी निर्णय पर असहमति की टिप्पणी भला कैसे लिख पाएंगे? राजनीतिक पूर्वाग्रहों से मुक्त देश हित की राय किसी उच्च अधिकारी द्वारा किसी मंत्री या फिर कैबिनेट को दी जा सकती है इसकी संभावनाएं दिनों दिन कम होती जा रही हैं। चूंकि अधिकारी का हित नेता के हाथों में है तो वह स्वतंत्र अभिव्यक्ति को छोड़ कर पदासीन सरकार के राजनीतिक प्रोपेगंडा में भागीदार बन जाता है। सरकार समर्थक जनता का एक मुखर वर्ग अपनी स्वार्थसिद्धि के लिए सामाजिक मीडिया में हल्ला मचाकर ऐसे माहौल को प्रोत्साहित करता है और सामान्य नागरिक या तो असहाय होता है या फिर अपने जीवनयापक की मजबूरियों में फसा रहता है। इस तरह का माहौल ही बड़े भ्रष्टाचार को जन्म देता है।

बात सामान्य प्रशासन तक ही सीमित नहीं है अब तो राजनेताओं का शिकंजा न्यायपालिका तक जा पहुंचा है। सर्वोच्च न्यायालय तक की टिप्पणियां और फैसले कुतूहल और निराशा पैदा करने लगे हैं। अभी हाल ही में न्यायालय ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के मामले में ईडी को कई बार डांट पिलाई और सिसोदिया के खिलाफ कोई ठोस सबूत की कमी का स्पष्ट उल्लेख भी किया परंतु उन्हें जमानत इस आधार पर नहीं दी कि उन पर लगे आरोप गंभीर हैं। बिना सबूतों के गंभीर आरोपों का क्या मतलब है यह एक सामान्य सा सवाल अनुत्तिरत ही है और सिसोदिया को कम से कम साल भर तो जेल में ही बिताना पड़ेगा। ईडी जब आठ महीनों में कोई सबूत नहीं जुटा पाई तो अब कैसे कोई चमत्कार कर वह ऐसा कर देगी? ईडी या सीबीआई कितने प्रतिशत मामलों में सजा दिलाने में सफल हो रही हैं? क्या अफसर मात्र प्यादे हो चले हैं जो पद, धन और कार्यकाल अवधि के प्रलोभन में अपने राजनीतिक मालिकों के अनुसार ही अपनी आत्मा गिरवी रखते रहेंगे? क्यों यूपीएससी की तैयारी में जुटा आदर्श और देश प्रेम की बात करता वह युवा नियुक्ति पत्र पाते ही अपनी आत्मा को वाष्पित कर देता है?

इन स्थितियों के लिए हम सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को पूर्णतया जिम्मेदार नहीं मान सकते हैं। इसकी एक बड़ी जिम्मेदारी हमारी अपनी है क्योंकि सरकार को चलाने वाले जन प्रतिनिधियों का चुनाव आम जनता करती है इसलिए जिन बातों को आधार बना कर जनता अपना मत देती है वह आधार ही खोटा है। खोटे आधार से खोटा नेतृत्व पैदा होता है और फिर प्रोपेगंडा द्वारा उस नेतृत्व को श्रेष्ठ बनाया जाता है, पर खोटा सिक्का तो किसी न किसी के हिसाब किताब में खोट ही पैदा करेगा यह बात जगजाहिर है। आजकल देश के कई राज्यों में जो चुनाव हो रहे हैं उनमें राजनेताओं की भाषा सुनिए। तकरीबन हर प्रत्याशी अपने प्रतिद्वंदी को चोर, लुटेरा डाकू, निकम्मा, ठग आदि उपाधियां दे रहा है। शब्दों और व्यवहार की शालीनता न जाने कहां गायब हो गई है और यदि ये चुनावी आरोप सही हैं तो हम कैसे प्रतिनिधि चुन रहे हैं ? याद रखिए कि जनतंत्र की रक्षा का प्रथम सिपाही आम नागरिक होता है तो यदि देश से जनतंत्र की लाश उठती है तो इसका जिम्मेदार आम नागरिक ही होगा।

जिलाधीश को डांटते-डपटते नेता, प्रिंसिपल को धक्का देते नेता, सरकारी कर्मचारियों की नाक कान से धुंआ निकलने की धमकी देते नेता, डॉक्टर की पिटाई करते नेता, पुलिस को गाली-गलोच करते नेता जी ये सब क्या हो रहा है? इस तरह के व्यवहार से हम इस देश को कहां तक ले जा सकते हैं? याद रखिए पिछले चालीस सालों में कितने ही देश अस्थिरता और भ्रष्टाचार के फलस्वरूप जिंदा नर्क में परिवर्तित हो गए हैं। हम इन घटनाओं के साक्षी हैं पर फिर भी जाग्रत नहीं हैं। बहुत कुछ ऐसा गोलमाल हो रहा है जो नहीं होना चाहिए था। अभी समय है कि :-

**तू जरा सा चेतना को, अब जगा रे नागरिक**
**तेरी अंगुली में छुपी, ताकत दिखा रे नागरिक।**
**तू जो अब सोया रहा तो, तिमिर फैलेगा नागरिक**
**नागरिक को मारता, फिर चहुं दिखेगा नागरिक ।।**

**–डॉ. रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

## तीर्थ नगरी पुष्कर में विदेशी पर्यटकों ने की महाआरती

- **साउथ अमेरिका के ग्रुप ने करवाया महाआरती का आयोजन**

**पुष्कर,** (निसं)। तीर्थ नगरी पुष्कर में सप्तऋषि घाट पर साउथ अमेरिका से आये 20 सदस्यीय ग्रुप भारतीय सनातन संस्कृति से प्रेरित होकर महाआरती का आयोजन कर उसमें बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

अर्जेंटीना निवासी नैन्सी, अगुस्तिना, कार्मेन, ग्रल्दीन, 20 सदस्यीय दल ने अपने आधात्मिक अनुभव को सांझा किया। आरती के पूर्व ब्रह्म पुष्कर की पूजा करकर अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति और अपने परिवार जनों की खुशहाली और सम्पूर्ण विश्व में शांति की पार्थना करके, पुष्कर राज महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। तीर्थ पुरोहित दिलीप शास्त्री ने पूजा का करवाके सभी को उनकी यात्रा को मंगलमय कामना करी। पुष्कर निवासी नेशनल टूर गाइड इंद्र नारायण पराशर उनको समस्त भारत का भ्रमण करवा रहे हैं। कल दीपावली की पूजा में शामिल होने के लिए सभी विदेशी मेहमान हिंदुस्तान की यात्रा कर रहे है। महाआरती चन्द्र शेखर गौड़ द्वारा की गई।



सनातन संस्कृति से प्रेरित होकर विदेशी मेहमानों ने महाआरती की।

## जांच के लिए दूध का सैम्पल लिया

**मालपुरा,** (निसं)। जिला खाद्य सुरक्षा दल ने शनिवार को डिग्गी थाना क्षेत्र के बागर की ढाणी स्थित एक प्रतिष्ठान से कच्चे दूध का सैम्पल भर नमूना जांच के लिए सीलबद्ध किया। खाद्य सुरक्षा दल प्रभारी सत्यनारायण गुर्जर मय टीम के साथ बागर की ढाणी स्थित कृष्णा बॉयलर के यहां से जमा दूध के स्टॉक में से सैम्पल जांच के लिए सीलबद्ध किया है। सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक चक्रवर्ती सिंह राठौड़ डिग्गी थाना पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। जांच अधिकारी दल प्रभारी ने बताया कि मालपुरा क्षेत्र में कच्चे दूध में मिलावट की मिल रही सूचना पर दूध का सैम्पल लिया।

# गुढ़ा में सांभर सॉल्ट रिफाइनरी के क्रियाशील होने का एक साल से इंतजार

- **अंग्रेजों के जमाने का स्ट्रक्चर और निर्माण आज भी मजबूती से खड़ा है**
- **रिफाइनरी के बंद होने से सैंकड़ों कर्मचारी व श्रमिक रोजगार से वंचित**




गुढा में एक साल से बंद पड़ी रिफायनरी।

**सांभरझील,** (निसं)। भारत सरकार का उपक्रम सांभर साल्ट लिमिटेड की गुढ़ा स्थित रिफायनरी इन दिनों अपने सबसे बड़े बुरे दौर से गुजर रही है।

बताया गया कि करीब एक साल से रिफाइनरी में होने वाला काम काज भी ठप पड़ा है। यहां बड़ी तादाद में काम करने वाले श्रमिक व कर्मचारी भी बेरोजगार हो गए हैं। लोगों ने बताया कि गत वर्ष यहां रिफाइनरी में शार्ट सर्किट से आग में एक मजदूर झूलस गया था जिसकी जयपुर एसएमएस अस्पताल में उपचार के दोरान दो तीन दिन बाद मौत हो गई थी।

इसके बाद से रिफाइनरी में लगी आधुनिक तकनीक से निर्मित बॉयलर, नमक निर्माण के लिए चलने वाली विभिन्न प्रकार की मशीनें बंद पड़ी है। बताया गया है कि अब गांव सहित आसपास के सैंकड़ों लोगों को नई सरकारी रिफाइनरी की सौगात मिलने वाली है, लाखों रूपए की लागत से बनने वाली इस नई ईमारत का नया लुक कुछ दिनों बाद दिखने लगेगा। दिपावली के पश्चात निर्माण कार्य शुरू होने की खबर सुनकर ग्रामीणों में हर्ष की लहर है।

कई दिनों से बेरोजगार हुए श्रमिकों और कर्मचारियों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। बिजली आपूर्ति के लिए विगत दिनों रेलवे-स्टेशन फाटक के पास करीब एक डेढ बीघा जमीन पर विशाल सोलर प्लांट बना दिया गया, जिसे आपातकालीन परिस्थिति में भी विधुत सप्लाई बाधित नही हो सकेगी। बता दें कि यहा बनी सांभर साल्ट की बडी बडी नमक की क्यारियो से लदान कर दूसरी जगह सांभर, नावां, राजास भेजकर रिफाइंड आदि करवाया जा रहा था लेकिन अब नमक बनने की क्रिया, निकालने, फिल्टर, रिफाइंड, फोर्टीफाइड, सोडियम का मिश्रण कर उच्च गुणवता वाला शुद्ध नमक तैयार कर पेकिंग तक का संपूर्ण काम यहीं से होने लगेगा। जिसका देश -विदेशो तक शुद्ध नमक निर्यात होना प्रारंभ हो जाएगा। दूसरी ओर बताया गया कि यहां अंग्रेजो की हुकूमत से भी पहले अदभुत कारीगरी से तराशे गए पत्थरो से निर्मित भारत सरकार की राष्ट्रीय धरोहर के कई प्रमाणिक स्थल, सुपरिटेंडेंट कार्यालय सहित पक्के निर्माण, रेलवे मीटर गेज की लाइने आज भी अडिग खडी है। माल का आदान-प्रदान, क्रय-विक्रय तथा लेखे जोखे के हिसाब का खाका भी तैयार यहीं से किया जाता था। पुराने समय से ही यहां लोहे की पटरियो बनी चारदीवारी में एक छोटा पार्क बना हुआ है जिसमें वाटर फव्वारा, ध्वजारोहण लिए बनाया गया मंच विलुप्त होने के कगार पर है। अंग्रेजों के समय सुपरिटेंडेंट कर्नल यहां पर स्वतंत्र और गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण करते थे। वर्तमान में पानी की टंकी, बंजरग बली तथा शेर पर सवार शाकंभर माता का भव्य मंदिर है। पेड़ बगीचे में कटीली झाड़ियां और खरपतवार उग जाते है। जिसकों नष्ट कर सुगन्धित और छायादार पेड पौधे लगाने की दरकार है। बता दें कि अति प्राचीन समय में राजा महाराजाओ और अंग्रेजो ने करीब पांच-छः किलोमीटर लम्बे मार्ग पर रेलवे लाइन डलवाई जिसे माल ढुलाई आदि कार्य के लिए आवागमन होता था लेकिन अब यहां से लाईने हटाकर साफ-सफाई करा दी गई है। रेलवे पटरियो को अलग करने के पीछे का कारण लोगों ने भारत सरकार के लिमिटेड उपक्रम द्वारा यहां सड़क निर्माण कार्य में योगदान देना बताया है। गौरतलब है कि सहयोग प्राप्त हो तो सरकार और सांभर सॉल्ट को राजस्व सहित आसपास क्षेत्र के हजारों लोगो को सुगमता प्राप्त होगी।

## राशिफल रविवार 12 नवम्बर, 2023



पंडित अनिल शर्मा

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, चतुरदशी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2080, स्वाती नक्षत्र रात्रि 2:51 तक, आयुष्मान योग सांय 4:24 तक, शकुनि योग दिन 2:45 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-तुला, चन्द्रमा-तुला, मंगल-तुला, बुध-वृश्चिक, गुरू-मेष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज दीपावली, श्री महालक्ष्मी पूजन, महाकाली पूजा, कमला जयन्ती, महावीर निर्वाण दिवस है। लक्ष्मी पूजन प्रदोष युक्त अमावस्या को स्थिर लग्न और स्थिर नक्षत्र में किया जाना सर्वश्रेष्ठ होता है। लक्ष्मी पूजन का समय प्रदोष काल सांय 5:34 से 8:13 तक है। वृष लग्न सांय 5:50 से रात्रि 7:47 तक है। सिंह लग्न मध्य रात्रि 12:24 से 2:30 तक है। लक्ष्मी पूजन का सर्वश्रेष्ठ समय 6:02 से 6:15 तक है, जिसमें स्थिर वृष लग्न स्थिर कुम्भ नवाश करेगा।


**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 8:09 से 9:29 तक, लाभ-अमृत 9:29 से 12:00 तक, शुभ 1:32 से 2:52 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:48, सूर्यास्त 5:30



### मेष

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है।



### वृष

मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। किसी भी कारण से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग सकते हैं।



### मिथुन

घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। आज खान-पान में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। आज परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### कर्क

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवार में धार्मिक-सामाजिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।




### सिंह

घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। आज परिवार में धार्मिक-सामाजिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।



### कन्या

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी।




### तुला

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा और आज महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा दूर होगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।




### वृश्चिक

व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग सकते हैं। आवश्यक कार्य के लिए यात्रा संभव है।




### धनु

आर्थिक/वित्तीय मामलों संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




### मकर

आज आवश्यक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेगी। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।



### कुंभ

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आज परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।



### मीन

आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर करने का प्रयास करें। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।



## World Pneumonia Day

First established in 2009, World Pneumonia Day was founded by The Global Coalition Against Child Pneumonia. Pneumonia acts as the single largest infectious killer of both children and adults with at least 2.5 million people each year succumbing to it. In fact, pneumonia is the world's leading killer of children under the age of five years old. World Pneumonia Day offers the opportunity for people to get educated, raise awareness and fight for the needs of the children who are getting ill and dying from a preventable disease.



#CELEBRATION

# 50 YEARS OF RAMBAGH PALACE

Rambagh Palace in Jaipur recently celebrated its 50-year legacy with a grand event. The evening featured a regal welcome, a high-tea hosted by HSBC India, and a cultural showcase highlighting Rajasthan's rich heritage. A fashion show displayed designs by renowned Indian designers. The event also showcased Rambagh's culinary excellence with a lavish seven-course dinner, making it a night of glamour, culture, and gastronomy.



Mr. Puneet Chhatwal, MD & CEO IHCL, Maharaj Vijit Singh, Maharaj Jai Singh, Mr. Hitendra Dave, CEO HSBC India.




Tusharika Singh
*Freelancer writer and city blogger*

The iconic Rambagh Palace, Jaipur recently recognised as the Number One hotel in the world by TripAdvisor, celebrated 50 glorious years of its custodianship by The Indian Hotels Company Limited (IHCL).

A royal arrival replete with vintage cars, rose petal showers and ceremonial welcome rituals set the stage for a truly immersive evening. A special welcome high-tea for key patrons, hosted by Hitendra Dave, CEO, HSBC India was held at the historic Suvarna Mahal, once a grand dining hall with its walls covered in damask, high ceilings replete with Italian frescos, Victorian chandeliers, gilded mirrors and Florentine frescos.

The evening began with a mega cultural showcase by Meha Jha of the acclaimed Mudra Academy with over 70 talented performing artists and dancers at the iconic Chandni Chowk. A confluence of music, dance and tradition, the artists showcased the rich heritage and culture of Rajasthan through Kalbelia folk dance, classical Kathak dance from the famed Jaipur Gharana, Nagada performance, among various other genres. The finale brought all dancers and artistes together from all the varied genres, creating an extraordinary cultural spectacle that was lauded by all guests.

At the front lawns of the palace, against the resplendent façade, an exquisite fashion showcase was presented, continuing the Rambagh's timeless tradition of spotlighting glamour and glory at all its sparkling soirees. The spectacular show was curated



Mr. Ashok Rathore, Area Director Operations and GM Rambagh Palace, Jaipur.

by Mr. Sunil Sethi, Chairman, The Fashion Design Council of India (FDCI) and featured India's leading designers, Rajesh Pratap Singh, Namrata Joshipura, Ashish Soni and JJ Valaya along with jewellery by Raniwala 1881.

At the Rambagh Palace, dinners and receptions have always been unforgettable affairs. From serving royalty from across the world to global leaders and celebrities, the kitchens of Rambagh its royal servers have pioneered gastronomic experiences with much flair. A special seven-course, sit-down epicurean experience paired with fine beverages, curated under the skilful expertise of Executive Chef, Raghu Deora, showcased the prowess of Rambagh's royal kitchens. The evening concluded on an elegant note at the newest addition at the royal palace – The Botanist

Speaking on the momentous occasion, Mr. Ashok S. Rathore, Area Director – Operations and General Manager, Rambagh Palace, Jaipur said, "The Jewel of Jaipur, and the number one hotel in the world, the Rambagh Palace has been the distinguished epitome of timeless luxury, royal living and authentic Indian hospitality. We are indeed honoured to witness this historic milestone in our journey as we celebrate this iconic living legacy and IHCL's revered custodianship of the palace for over fifty illustrious years."



Shillong Chamber Choir Performs at the Rambagh Palace, Jaipur (1).

Shifting homes is more than just shifting luggage and furniture. It is also about moving from your own haven into an uncharted territory and creating a new life.



# From a house to a home



#SHIFTING!!



Shailaza Singh
*Published author, poet and a YouTuber*

'Why aren't you writing?' asked my editor. 'You were supposed to submit an article a few days back. What happened?'

I shrugged my shoulders. 'I have just shifted homes. I have still not been able to arrange my house!'

'Shifted homes? You told me that you had hired movers and packers for the job? Haven't they done it?'

I gave up. How do I tell people that movers and packers are more or less like an avalanche descending on your home? That they simply carry cartons and dump everything that they can find in a room in a carton and truck it to your new home and dump the carton there? How do I tell them them that shifting homes is not just about shifting the beds, tables and sofas? It is also about undoing everything in a home, rubbing everything that you have written in an entire exercise book and then getting a new exercise book and writing it all over again?

### Moving homes

I am not new to shifting homes. I am an army officer's daughter. I have constantly shifted homes, shifted schools, left old friends, made new ones. So, going to a new place, settling down, meeting new people, making new friends; I have been there and done that.

### Army life

But then, may be that was a different era. I remember whenever my father used to get his posting orders, the first person who used to get the most hassled was my mom. 'What? Another posting? We just came here last to last year!' was her typical response. We children had mixed feelings. On one hand we were sad to say good bye to our friends (even making friends in a new school takes time. The first three months you test the waters, the next three months you start trusting each other. It is in the second year that you actually become good friends and by that time it is time to say goodbye) but on the other hand there was this excitement about going to a new place, meeting new people. The best part of the shifting out was that mostly the teachers in the new school won't know anything about you, so have a chance to create a fresh impression unlike those students who study in the same school year after year and their teachers and peers never let them grow out of their initial image.

To get back to the posting matters, after the news of the posting,



my mother used to get busy getting the steel and iron trunks repainted and ready for the packing. The process used to last for at least a couple of months. We used to get jawans from the unit (we used to call them bhaiya). They were my mother's most trusted team.The instructions were clear. They used to start with the drawing rooms, then the bedrooms and the kitchen was packed at last. Everyday we used to come back from school to a flurry of activity in the house. Someone wrapping crystal ware in old newspapers (there wasn't a bubble wrap then), someone folding the quilts or packing up the chairs or other furniture. But they were never in a hurry. Even if they were, they had no choice but to work as per my mother's dictates.

Everyone in my father's regiment used to know about the posting. As children, my brother and I also made it a point to inform everyone because that meant getting boxes of delicious lunches, dinners and breakfasts cooked by wives of my father's colleagues (aunties and uncles). On the last day, when we would board the train, my father's colleagues and junior officers would come to the railway station to see us off armed with bouquets, lunch boxes and goodies. We would happily enjoy these scrumptious meals and the train ride. Somehow, the homemade food tasted delicious in the train. When we used to reach our destination, we were mostly given a room or two in the army mess where again my father's new colleagues would send us homemade food tiffin. Somehow those tiffins not only satisfied our hunger but also helped us to understand the cuisine culture of the new place. After some days, when our trucks came with the luggage, my mother would make a makeshift kitchen in the mess and start cooking.

The other day, I was talking to Mansi, an old friend of mine who is also an army kid. I was reminiscing about the days of shifting and getting food from different people when she said, 'I keep asking my friends (when they shift homes) if they want me to send some food but they politely refuse and tell me that they will order from Swiggy or Zomato or connect with a tiffin service.' I too subscribed to a tiffin service here in Jaipur but after some days of acidity I gave up. Perhaps there is a different kind of love that goes in making meals when you send home made food for someone. The one that doesn't cause acidity or may be with years my stomach seems to have gotten used to normal home cooked food.

> More than the shifting out, I was dreading the shifting into the new home. When I reached the house, the movers and packers had dumped those boxes in every available space in the rooms, the hallway and even the balconies. Though they had unpacked the sofa and the fridge, it was virtually impossible to sit on the sofa or open the fridge because there was a barricade of boxes between us and those two.

### Untangle tangle

So, after a whirlwind packing marathon where the movers and packers simply dumped everything including my very life in boxes and carried them to my new home, Ifound myself staring at the empty walls, almirahs and rooms. Everything was bare. The posters, the pictures, paintings, the furniture had gone. Why is it so easy to undo something or pack a house? It hardly takes a day but when you want to set up a home, it takes months and years. Looking at the bare walls my daughter remarked, 'This entire year that we lived here seems like a dream. Who would ever know that we once lived in this house?'

More than the shifting out, I was dreading the shifting into the new home. When I reached the house, the movers and packers had dumped those boxes in every available space in the rooms, the hallway and even the balconies. Though they had unpacked the sofa and the fridge, it was virtually impossible to sit on the sofa or open the fridge because there was a barricade of boxes between us and those two. Moving from one room to another was like moving through a very complicated obstacle course. Move a box here, shift this rack there, place your foot here and then jump there. I wondered if I would ever be able to arrange everything. When my dad visited my house, he looked around and sighed, 'It will take you some time. I will come back then.' I pulled out a stool from the deluge and requested him to sit. But he declined and said, 'No, let me come back once you are settled.'

### Peekabo

Shifting homes is almost like peeking into yourself. Maybe it is lot like spring cleaning or detoxing or unwittingly participating in a massive search drive. When you open a carton, it is like entering the pensieve (a magical device used to dive into memories) in a Harry Potter movie. Every object brings back a memory like my old clothes bring back memories of a slimmer me or my daughter's old medals or trophies or photographs which make me realize how time has flown by. Sometimes, you enter the land of lost things. You find things, gadgets and even clothes that you had given up for lost in the past. There is also the issue of decluttering. Things which you had forgotten about, could do without and yet you hoard them because of some sentimental value. In this aspect, I asked my new maid to help. She is a no-nonsense person who believes in throwing everything that you don't need. When I would linger over an item, she would say, 'Kya karna hai iska, bekar hai. Fek do. Ab uska koi kaam nahin. Aur aa jayenge.' (What do you want to do with this? Throw it. It is useless. You will get more). We first unpacked the kitchen because I could no longer handle the acidity of the tiffins or Swiggy and Zomato. Simple rice and dal became the meal of the day and in a cluttered home that meal was heaven!

### Unpacking life

In the army, unpacking was a breeze. We had people unpacking and arranging things for us. More than that, most of the times, the houses we shifted into had huge outhouses and garages where we could store the unopened trunks, boxes and more. In a flat, it is quite different. There are no places to dump what you don't need. One can either keep or throw or give it away because there is a dearth of storage. I thought of looking up decluttering specialists. Maybe they could help me to deal with the clutter. But when I checked out the website, the cost of the whole affair was Rs. 14000! I dropped the idea and realized that I could gift my self that money if I could declutter and arrange my new home at the same time!

Slowly but steadily, the jungle of cartons is clearing and I can finally get a glimpse of the order in the chaos. Converting a home into a house is easy but it does take long to convert a house into a home. I am getting there… step by step!

*rajeshsharma1049@gmail.com*





#CULTURE

# The Many Legends Of Diwali

Some of the festival's most commonly narrated stories



As you might expect of a holiday steeped in over 2,500 years of history, the legends and stories associated Diwali are vast and varied. Today Diwali is celebrated as the largest festival of the year in India and has also spread by way of the Indian diaspora to be celebrated in countries across the globe.

Something that is not commonly known overseas about Diwali, though, is that this is not just a Hindu holiday, but is also observed within Jainism and Sikhism, two of the other major religions in India.

While the precise historical origins of Diwali are difficult to trace, some of the festival's most commonly narrated stories, arising from the deep mythology of the Indian subcontinent, may help shed light on the rich internal diversity nature of the festival.

## Diwali in Ramayana

### The Return of Lord Rama and his Wife

The most prominent legend associated with Diwali is that of Rama's return to Ayodhya according to the Ramayana . As legend has it, Rama was exiled from the kingdom of Ayodhya for 14 years, along with his brother Lakshman and wife Sita. The three lived happily together in the forest along a riverbank until one day Sita was kidnapped by the demon king Ravana.


Rama searched the land for some time in pursuit of Sita until he finally found her, defeating Ravana and bringing her back to his side. Rama and his companions then returned to Ayodhya to reclaim the throne which was rightfully his and were greeted joyously by all.

Diwali celebrates the return of Rama to Ayodhya as a narrative of the victory of good over evil, and the day of the festival is said to coincide with Rama's triumphant return after defeating the demon king Ravana.

### The Rebirth of Lakshmi

Lakshmi, the goddess of fortune, is the most prominent goddess associated with Diwali, and thus her story is one that has particular significance to the festival. As the story goes, through a display of arrogance, the god Indra once provoked





Lakshmi to leave the divine world and enter the milky ocean. Without the guidance and blessings of Lakshmi, the world then turned into a dark place, and the gods were desperate to bring her back. After churning the milky ocean for 1,000 years, Lakshmi was finally reborn, rising to the surface on a beautiful lotus flower, and once again bringing to the world her blessings of good fortune.

On Diwali, people light up the night to guide Lakshmi into their home and bring good fortune and prosperity for the year to come.

### Lord Krishna's Victory

In the southern part of India , the story of Lord Krishna's victory over the powerful demon king Narakasura also holds particular significance to Diwali. This legend holds that Narakasura was blessed by Brahma with the power that he could only die by the hand of his mother, whom Narakasura believed would never kill him due to her deep love for him. His mother, however, was born again as Krishna's wife Satyabhama, who, upon seeing Narakasura wound her husband Krishna in battle, delivered the fatal blow. In dying, Narakasura requested that no one mourn his death, and instead celebrate with life and color, as we see take place every year during the Diwali festival.


### The Legend of King Bali

The fourth day of Diwali, Balipratipada, is celebrated in honour of the beloved King Bali's return to earth.

Legend holds that the powerful King Bali, who ruled over the netherworld, earth, and heavens, became so feared by the gods that they sent Vishnu to dispose of him. Vishnu took the form of a dwarf and appear before Bali, beseeching that he be granted control of all the land which he could cover in 3 paces. Because of the dwarf's small stature, Bali granted this request unhesitatingly, and it was then that Vishnu grew to enormous proportions, covered all Bali's kingdom in two paces, and with the third pace stomped him down into the netherworld.

Because of his noble nature, however, Vishnu granted Bali the right to return to earth for one day each year, and it is thus that Bali is celebrated during Diwali alongside other legendary figures.

THE WALL




BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



## संक्षिप्त

### बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ी

**दूदू, (निसं)।** जिला मुख्यालय दूदू में छोटी दीपावली को बाजार में खरीददारों की भीड़ नजर आयी। इस बार रेडीमेड गारमेन्टस, ज्वैलर्स की दुकानों के साथ ठेलों पर ब्रिकी किये जा रहे दीपकों व कपडों पर खरीददारी का जोर रहा। गन्ना विक्रेताओं की दुकानों चारों तरफ लगी रही लेकिन 100 रूपये प्रति जोड़े के भाव के कारण कम खरीददार आये। गन्ना विक्रेता ने बताया इस बार हमारी खरीद का पैसा भी नहीं मिल पा रहा है। पटाखे की दुकानें भी सजी हुई हैं खरीदार कम आ रहे हैं।

### शहीद की तृतीय पुण्यतिथी कल


**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** शहीद शक्ति सिंह सैनी की तृतीय पुण्यतिथि सोमवार 13 नवंबर को मनाई जाएगी। ढाणी पीपलावाली श्रीमाधोपुर के शक्ति सिंह सैनी भारतीय सेना में लांस नायक के पद पर कार्यरत थे जिनका 13 नवम्बर 2020 को गुवाहाटी के आर्मी अस्पताल में निधन हो गया था। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पुण्यतिथि उनके स्मारक स्थल पोलादास रोड पर 13 नवम्बर को सुबह 09:30 बजे मनाई जाएगी।

# मिठाई की दुकानों व होटलों पर शुद्धता की जांच के लिए पहुंचा दल, हड़कंप मचा

- दीपावली पर्व को देखते हुए जिला कलेक्टर ने खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग को दिये मिलावट खोरी के विरुद्ध जांच के आदेश
- 50 किलो पुराने दूषित कलाकंद को नष्ट कराया

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका के निर्देश पर जिले भर में दीपावली पर्व के मध्यनजर मिलावटी मिठाइयों व होटलों पर बिकने वाले घटिया खाद्य सामग्री के विरुद्ध रसद एवं खाद्य विभाग की ओर से चलाए गए जांच अभियान के तहत तिजारा व किशनगढ़ बास में संयुक्त दल टीम ने कार्रवाई करते हुए दूषित मावा नष्ट कराया व मिठाइयों के सैंपल लेकर जांच के लिए भिजवाए है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर चलाए गए अभियान के तहत मिठाई विक्रेताओं में हड़कंप मचा है।

जिला रसद अधिकारी प्रशांत यादव ने बताया कि जिला कलेक्टर हनुमान ढाका के निर्देशन पर जिले भर में चलाए गए अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं रसद विभाग की टीम ने किशनगढ़ बास में तिजारा में आकस्मिक निरीक्षण कर दुष्ट पाए गए मावा नष्ट करने की कार्रवाई मौके पर की गई। जिला रसद अधिकारी ने आम जन से अपील की है की मिलावटी मिठाई बेचने वालों के विरुद्ध विभाग को शिकायत करें जिससे स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान मिठाई विक्रेताओं को साफ



तिजारा व किशनगढ़ बास में संयुक्त दल टीम ने मिठाइयों व दूध के सैंपल लिये।

सफाई रखने के भी निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य निरीक्षक केशव गोयल ने बताया कि शनिवार को तिजारा और किशनगढ़ बास में अनेक दुकानों व कारखानों पर जांच की गई जांच के दौरान मिठाई विक्रेताओं के यहां से विभिन्न प्रकार की मिठाईयों के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। सैंपल जांच रिपोर्ट आने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान शाही मिल्क डेरी, दयालपुर किशनगढ़ बास स्थित कलाकंद निर्माण एवं विक्रय कारखाने से कलाकंद का नमूना जांच हेतु लिया गया। करीब 50 किलो पुराने दूषित मिले कलाकंद को मौके पर नष्ट कराया।

पुलिस प्रशासन तिजारा के साथ ग्राम चावण्डी कला तिजारा स्थित कलाकंद कारखाना एवं विक्रय इकाई से कलाकंद का नमूना जांच वास्ते जाकर प्रयोगशाला में भिजवाया गया इसके अलावा दुकानों को साफ सफाई से कार्य करने खाद्य सामग्री को ढक्कर बिक्री करने एवं अपने खाद्य लाइसेंस दुकान पर लगाकर रखने के लिए निर्देशित किया गया। शुक्रवार को संयुक्त दल टीम ने खैरथल और कोटकासिम में मिष्ठान भंडारों एवं होटल पर निरीक्षण कर कार्रवाई की।

# भाजपा प्रत्याशी धनकड़ ने व्यापारियों से जनसंपर्क किया

- कांग्रेस कभी भी व्यापारियों की हितैषी नहीं रही : कुलदीप धनकड़

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी पूर्व प्रदेश महामंत्री व प्रत्याशी कुलदीप धनकड ने अपने निर्धारित जन संपर्क कार्यक्रम के तहत पावटा व प्रागपुरा कस्बे के व्यापारियों व दुकानदारों से जनसंपर्क करते हुए भारतीय जनता पार्टी को जितने के लिए मतदाताओं से अपील की।

इसी दौरान व्यापारी व दुकानदारों ने माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत करते हुए जीत का आशीर्वाद दिया। जनसंपर्क में उमंग और उत्साह का वातावरण भी देखने को मिला। भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड पैदल चलते हुए जनता का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी कुलदीप धनकड ने व्यापारियों व दुकानदारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी कमल के फूल को जिताकर नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूत करें और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाकर मुझे आशीर्वाद प्रदान करें। धनकड ने कहा कि व्यापारी व्यापार तभी कर सकता है जब शांति का वातावरण हो। कांग्रेस कभी भी व्यापारियों कि हितैषी नहीं रही, क्षेत्र में गुंडों व डकैतों का राज हो गया। गुंडे व्यापारियों को तंग करते थे, उनके साथ लूटपाट करते थे, लेकिन उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था। आप सब व्यापारी वर्ग उन हालातों से गुजर चुके हैं। कांग्रेस केवल भय व भ्रम कि राजनीति करती है। आपने हमेशा मेरा साथ दिया है। मैं आपका वंदन करता हूं, अभिनंदन करता हूं। आपको इसी तरह मेरा साथ देना है। सवाल हार जीत का नहीं क्षेत्र के भविष्य का है। कुलदीप धनकड ने व्यापारियों से कहा कि आप बस मुझे अपना ये कीमती समय व मत दे पांच साल आपके लिए रात दिन जुटा रहुंगा। इस दौरान कांग्रेस से रतन जिंदल भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर पावटा प्रागपुरा कस्बे के भाजपा पदाधिकारी, समर्थक, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश गोयल ने गांवों में जनसंपर्क किया

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मुकेश गोयल का जनसम्पर्क कार्यक्रम निरन्तर जारी है। गोयल ने ग्राम छारदड़ा, पानेड़ा ऊपला, पानेड़ा निचला, बनेठी, नांगला, कायमपुराबास, चुरी, राजावत नगर, राघव जी की ढ़ाणी, कल्याणपुरा कलां, कुहाड़ा, पदमा की ढ़ाणी, पंवाला राजपूत, नवल कुशालपुरा समेत विभिन्न गांवों एवं ढ़ाणियों में जनसम्पर्क कर जन आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान ग्रामीणों ने गोयल का जगह-जगह स्वागत किया। सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में अपना मत एवं समर्थन गोयल को देने का वादा कर विधानसभा में भेजने की बात कही। गोयल ने कहा कि भविष्य के कोटपूतली में किसी प्रकार के भेदभाव, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अराजकता आदि का स्थान नहीं होगा। कोटपूतली को प्रत्येक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ बनाना ही उनका ध्येय है। इस दौरान पूर्व सरपंच गजराज सिंह, पूर्व सरपंच ओमीलाल बागोरिया, पूर्व सरपंच महेन्द्र कुमावत, रमेश थानेदार, श्रीराम डीलर, दिनेश शर्मा, अनिल फोटोग्राफर, अनिल कुमावत, शिवलाल कुमावत, मुरली शर्मा, पंकज शर्मा, नितिन वर्मा, विष्णु खारडिया, गुलझारी लाल यादव, सुरेश जांगिड़, रोहिताश ठेकेदार, संजय सैन, नरेश धानका, पुष्पेन्द्र शर्मा, रामनिवास शर्मा, यादराम जांगिड़, राजकुमार योगी, रामौतार यादव, किरोड़ी अग्रवाल, अंकित, जयप्रकाश, अशोक, मनोहर, रामौतार, कैलाश शर्मा, श्यामलाल यादव, उपसरपंच सुधीर, अलकेश शर्मा, मालेराम मीणा, कृष्ण मास्टर, मिटू पंच, नरेन्द्र शर्मा, पप्पु सैन, दौलत शर्मा, दिनेश सिंह, संजू सिंह समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना आज़ाद की जयंती मनाई, मतदान की शपथ ली

- मताधिकार जागरूकता को लेकर प्रदर्शनी व कार्यशाला आयोजित

**टोंक, (निसं)।** देश के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के अवसर पर लोकतंत्र में मताधिकार का महत्व विषय पर प्रातः 11 बजे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मौलाना अबुल कलाम आज़ाद अरबी फारसी शोध संस्थान टोंक में किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन अति. जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी ने किया। संस्थान के निदेशक मुजीब अता आज़ाद की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में स्वस्थ मतदान तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था के निर्वहन की नागरिक शपथ ली गई। विशिष्ट अतिथि शिक्षा उपनिदेशक पन्नालाल बैरवा, मुख्य वक्ता शिक्षाविद् डॉ. मनु शर्मा ने मताधिकार के महत्व एवं मौलाना आज़ाद के वैचारिक दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। मताधिकार जागरूकता को लेकर आयोजित प्रदर्शनी व कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन सम्पन्न हुआ।

अति. जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी ने कहा कि मौलाना आज़ाद भारतीय लोकतंत्र के निर्माता रहे, उनकी प्रेरणा से युवा पीढी को मत के महत्व को समझकर मतदान के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। युवा पीढी देश की कर्णधार है। मताधिकार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय इत्यादि से ऊपर उठकर किया जाना चाहिए। जनचेतना के साथ लोकतंत्र को मज़बूत करना आवश्यक है। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षकों शिक्षाविदों का आह्वान करते हुऐ उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व को कर्तव्यनिष्ठा के साथ निभाये, मताधिकार के लिए जागृति व जनचेतना के कार्य को समर्पित भाव से करें। मुख्य वक्ता शिक्षाविद् डॉ0 मनु शर्मा ने मौलाना आज़ाद तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विस्तृत प्रकाश डालते हुऐ कहा कि आदर्श लोकतांत्रिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए मौलाना आज़ाद की वैचारिक प्रासंगिकता सदैव रहेगी।

निदेशक मुजीब अता आज़ाद ने कहा कि शिक्षा से जीवन में प्रकाश आता है। मौलाना आज़ाद के शिक्षा के मूल मंत्र को जीवन में अपनाकर लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ बनाये रखने के लिए मतदान प्रतिशत बढाने का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है। किसी भी प्रभाव के बिना स्वविवेक से किया गया मतदान स्वस्थ लोकतंत्र की स्थापना करता है। कार्यक्रम का संचालन मौलाना जमील अहमद ने किया। संस्थान के डॉ. सैयद बदर अहमद ने कार्यक्रम की शुरूआत की। मोहम्मद आरिफ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में शिक्षक, व्याख्याता एवं प्रबुद्व नागरिकगण सहित संस्थान के सत्यनारायण सैन, कैसर मियां, श्याम बिहारी गौतम, सारा रशीद, फैसल हसनी, इशरतुन्निसां, मोहम्मद हुसैन, गीताराम गुर्जर, मोहम्मद इसहाक, मुरलीधर अरोड़ा, आरिफ़ कैलीग्राफिस्ट, रियाजुल हसन कैलीग्राफिस्ट, एवं अन्य स्टाफ के सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### भगवान धन्वंतरि की पूजा की



**देवली, (निसं)।** धनतेरस के उपलक्ष पर यहां राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में भगवान श्री धन्वंतरि की पूजा कर धन्वंतरि जयंती मनाई। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्सक प्यारेलाल जांगिड़ ने बताया कि आयुर्वेदिक चिकित्सालय में पंडित अशोक शर्मा एवं पंडित पवन गौतम ने मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना की और धनतेरस के पावन पर्व पर भगवान धनवंतरी से जयंती मनाई तो वही भगवान श्री धन्वंतरी से देशवासियों की निरोग एवं दीर्घायु बने रहने की कामना की इस उपलक्ष पर हुए कार्यक्रम में आयुर्वेदिक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डॉ पी एल जांगिड़ नर्सिंग अधिकारी सीमा तेली शहर के समाज सेवी राजेंद्र शर्मा जनसेवा समिति के घीसालाल ट्रेलर निरंजन लाल टेलर राजेंद्र जिंदल सहित कई वरिष्ठ नागरिक शामिल हुए।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने लोगों से संवाद किया

**अलवर, (निसं)।** अलवर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी अजय अग्रवाल ने कहा कि अलवर शहर में यहां के लोगों के लिए रोजगार की खुशियां दीपावली की तरह हर रोज आ सकती है जिसके लिए यहां के पर्यटक स्थलों को ही विकसित करना होगा। अलवर शहर में सैंकड़ों पर्यटक स्थल हैं लेकिन विधायकों को कभी इनको विकसित करने की फुर्सत तक नहीं। अग्रवाल ने अलवर शहर में करीब एक दर्जन स्थानों पर लोगों से सीधा संवाद किया। अग्रवाल ने कहा कि आप ऐसे बिना सोचे-समझे अपना कीमती वोट खराब नहीं करे, इससे पहले आप प्रत्याशी से सवाल- जवाब करें। अमेरिका की तरह प्रत्याशी से पूछे कि आप विधायक बनने जा रहे हैं, आपके पास शहर के विकास का विजन है तो बताए। मेरे पास एक सपना है जिससे मैं शहर का विकास करके दिखाऊंगा। मेरे पास विजन है शहर के विकास का, मैंने अलवर की बर्बादी के दर्द को झेला है। अलवर को इन विधायकों ने कस्बा बना दिया। जब 15 साल से पानी नहीं आ रहा तो आपको घरों में नींद कैसे आ गई।

### भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया

**राजगढ़, (निसं)।** राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बन्ना राम मीणा का ग्रामों में माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान अनेक जगह क्रेन एवं अन्य संसाधनों की मदद फल फ्रूटों से तोला गया। अनेक वार्डों का दौरा कर महिला पुरुषों से मत एवं समर्थन मांगा। गणेश मंदिर से पूजा अर्चना कर दौरे पर निकले भाजपा नेता का व्यापार संघ सहित अनेक व्यापारियों ने माला एवं साफा बांधकर स्वागत किया। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोविंदपुरा, इंद्रपुरा, चितोश गांव में केलो से तोला गया। भजेड़ा, भांकरी अलेई, नारायणपुर, जिरावली, मुरलीपुरा, कादोली, कोठिनारायनपुर, मूनपुर, ढिगावडा में क्रेन व जेसीबी से पुष्प वर्षा की। चंन्दूपुरा, पलवा, मोती का बास, खानकी बास, माधोगढ़,फिरोजपुर , जागीर,बहाली, होदायली, चील का बास, बावड़ी आदि गांवों का तूफानी दौरा कर वोट मांगे । इस दौरान वृद्ध महिलाओं ने आशीर्वाद प्रदान किया।

### जजपा प्रत्याशी का जनसम्पर्क जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से जननायक जनता पार्टी के प्रत्याशी रामनिवास यादव का जनसम्पर्क अभियान निरन्तर जारी है। शनिवार को यादव ने कस्बे के मुख्य चौराहा समेत मुख्य बाजारों में आमजन व व्यापारियों से दीपोत्सव की रामा-श्यामा की। साथ ही विभिन्न वार्डों में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर जजपा को वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान कुशल बिदारिया, सचिन गौड़, ब्रह्मानंद गौड़, राकेश खोला, योगेन्द्र यादव, शेरसिंह यादव, रोहिताश राठी, प्रकाश कुमावत, अशोक यादव, रत्तिराम यादव, अशोक योगी, धर्मेन्द्र योगी, महेश योगी, दीपचंद जैन, अनिल अग्रवाल, भूपेंद्र यादव, बद्री यादव समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कांग्रेस प्रत्याशी के प्रधान चुनाव कार्यालय का शुभारंभ

- कांग्रेसियों एवं आमजनता की उमड़ी भीड़

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्यासी इंद्राज गुर्जर ने शुक्रवार को प्रधान चुनाव कार्यालय का विधि विधान से पूजा पाठ करते हुए फीता काटकर शुभारम्भ किया।

इस मौके पर कांग्रेस पदाधिकारी, समर्थक, कार्यकर्ताओ ने कार्यालय उद्घाटन से पूर्व पूजा पाठ में भाग लेकर कांग्रेस प्रत्यासी इंद्राज गुर्जर को एक बार फिर से जीतने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर कांग्रेस प्रवक्ताओं ने संबोधित करते हुए मोदी सरकार की नीतियों को जमकर कोसा। उन्होंने कहा की जहां-जहां कांग्रेस या अन्य पार्टियों की सरकार हैं। वहां चुनाव से पूर्व ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स की टीमों को भेज कर उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। राजस्थान सरकार की शानदार नीतियों के चलते कांग्रेस सरकार रिपीट होने जा रही है। आप सभी लोग कांग्रेस के हाथ मजबूत कर कांग्रेस प्रत्यासी इंद्राज गुर्जर को जिताने के लिए कमर कस लें। निवर्तमान विधायक व कांग्रेस प्रत्याशी इंद्राज गुर्जर ने कहा 5 साल के विकास के दम पर जनता के बीच जा रहे हैं। जनता इस बात के लिए मन बना चुकी है। विराटनगर सहित प्रदेश में फिर से कांग्रेस परचम लहराएगी। इंद्राज गुर्जर का इस दौरान लोगों ने पुष्प वर्षा कर व माला साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। इंद्राज गुर्जर ने क्षेत्र के लोगों से आव्हान किया पिछले 5 साल में विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी और आगे विकास निरंतर चलता रहे इसके लिए कांग्रेस फिर से जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है, जिसने लोकहित में फैसले लिए हैं। जबकि दूसरी पार्टियों ने तो लूटने का काम किया है। वे दावे से कह सकते हैं कि जितना विकास कार्य पिछले पांच वर्षो के दौरान हुआ है, इतना विकास कार्य तो पिछली सरकार के समय भी नहीं हुआ है। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे कांग्रेस समर्थक, कार्यकर्ताओ सहित बड़ी तादाद में कांग्रेस के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## उनियारा कस्बे का भ्रमण किया

**टोंक, (निसं)।** आगामी विधान सभा चुनाव 2023 के मध्य नजर जिला कलेक्टर टोंक ओम प्रकाश बैरवा व जिला पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज द्वारा देवली-उनियारा विधान सभा क्षेत्र के कस्बा उनियारा का विजिट किया गया।

विजिट के दौरान स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी दौरान ग्राम काटोली में सीएपीएफ कम्पनी के साथ फ्लैग मार्च, डरने की क्या बात है, पुलिस प्रशासन आपके साथ है, जिला पुलिस अधीक्षक, टोंक राजर्षि राज द्वारा भय मुक्त मतदान हेतु को विधान सभा क्षेत्र देवली-उनियारा के ग्राम काटोली में सीएपीएफ कम्पनी के साथ फ्लैग मार्च किया।

# 'चुनाव सामग्री लगाने से पूर्व अनुमति लें'

**निवाई, (निसं)।** रिटर्निंग ऑफिसर रविकांत सिंह की अध्यक्षता में पार्टी प्रत्याशियों, उनके एजेन्टों की प्रचार सामग्री चिन्हित स्थानों पर लगाने की अनुमति को लेकर बैठक आयोजित हुई।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारी रविकान्त सिंह ने प्रत्याशियों को बताया कि निवाई- पीपलू क्षेत्र में प्रचार सामग्री बैनर, पोस्टर, होल्डिंग, यूनिपोल आदि लगाने के लिए जगह चिन्हित की है। उन्हीं स्थानों पर ही प्रचार सामग्री लगाई जानी है।

उन्होंने बताया कि नगरपालिका क्षेत्र में होल्डिंग के लिए 35 व यूनिपोल के लिए 18 जगह चिन्हित की हैं। कांग्रेस ने होर्डिंग के लिए 17 जगह, आम आदमी पार्टी 18 जगह, भाजपा ने 9 जगह व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ने 16 जगह के लिए आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि प्रत्याशी रिटर्निंग अधिकारी की अनुमति लेने के बाद ही प्रचार सामग्री लगाने का काम करें। बिना अनुमति के प्रचार-सामग्री कहीं पर भी लगाई गई तो उसे आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा निजी वाहन से चुनाव प्रचार करने के लिए भी अनुमति लेना जरूरी है।

बैठक में पुलिस उपअधीक्षक प्रहलादसिंह, पीपलू तहसीलदार इन्द्रसिंह चौहान, नगरपालिका निवाई ईओ पवन शर्मा, निजी सहायक उपखंड अधिकारी अरविन्द पाटीदार, सहायक विकास अधिकारी नन्दकिशोर शर्मा सहित प्रत्याशियों के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी का गांवों में स्वागत जारी

**कोटपूतली, (निसं)।** विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा चौथी बार प्रत्याशी बनाये गये गहलोत सरकार के निवर्तमान उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव द्वारा क्षेत्र के विभिन्न गांवों व ढ़ाणियों में शुरू किया गया जनसम्पर्क अभियान जन विश्वास कार्यक्रम शनिवार को भी बदस्तूर जारी रहा।

यादव ने छारदड़ा समेत विभिन्न गांवों व ढ़ाणियों में जनसम्पर्क करते हुए क्षेत्रवासियों से कांग्रेस पार्टी के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान उनका ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत व अभिनंदन किया गया। जहां उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए दीपोत्सव की रामा-श्यामा भी की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर स्वागत व नुक्कड़ सभाओं को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि जिला बन चुका कोटपूतली अब विकास के एक नये युग में प्रवेश करने को तैयार है। इसके लिए जनता का सहयोग बेहद आवश्यक है। वर्ष 2018 में किये वादे के अनुरूप कोटपूतली जिला बन चुका है। आने वाले समय में कोटपूतली दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर प्रगति करेगा। जिला मुख्यालय के साथ-साथ बाईपास एक्सप्रैस वे गांव में आवागमन को सुगम बना रहा है। जिससे तेजी से प्रगति होगी। साथ ही कोटपूतली में आईटी सैक्टर लाने की भी तैयारी है। जनता का आशीर्वाद मिलेगा तो यहां के बेरोजगारों को असीमित विकास अवसर मिलेगें।

# निर्दलीय गोपाल गुर्जर को गांव-ढाणियों में मिल रहा समर्थन

- भाजपा व कांग्रेस दोनों ही दलों के राजनैतिक समीकरण बिगड़े

**मालपुरा, (निसं)।** सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से इस बार भी भाजपा व कांग्रेस दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों द्वारा जाट प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारे जाने व एनवक्त पर टिकट काटे जाने से खफा कांग्रेस के युवा नेता गोपाल गुर्जर ने निर्दलीय नामांकन भर चुनावी मैदान में ताल ठोकते हुए दोनों ही दलों के राजनैतिक समीकरण बिगड़े प्रतीत हो रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी संगठन ने लगातार दस साल से काबिज विधायक कन्हैयालाल चौधरी को ही तीसरी बार भी प्रत्याशी बना जीत की हैट्रिक लगाने की रणनीति के तहत रिकॉर्ड मतों से जीत का दावा किया है। तो कांग्रेस आलाकमान ने मालपुरा को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दी गई जिले की सौगात व सात सूत्री गारंटी कार्ड सहित पांच साल तक चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं के दम पर जाट चेहरे पर ही दांव खेला। बीते दस साल से मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय भागीदारी निभा रहे तथा मतदाताओं द्वारा इस बार प्रमुखता से उठाई गई स्थानीय की मांग



निर्दलीय गोपाल गुर्जर को ग्रामीणों ने फूलमालाओं से लाद जोरदार स्वागत किया।

को महत्व देते हुए संगठन ने स्थानीय व नामी ग्रामी उद्योगपत्ति घासीलाल चौधरी को चुनावी मैदान में उतार भाजपा को पराजित करने का दावा किया है।

दोनों ही राजनैतिक दलों द्वारा गुर्जर समाज की अनदेखी करने व कई सालों से संगठन को जिंदा रखने में जी तोड़ मेहनत कर रहे गोपाल गुर्जर ने टिकट नहीं मिलने पर आमजन से रायशुमारी कर निर्दलीय के रूप में चुनावी रण में रणभेरी बजाते हुए भाजपा व कांग्रेस के दोनों बाहुबलियों के बीच निर्दलीय प्रत्याशी बन राजनैतिक गलियारे में भारी उठा-पटक तथा इस बार विधानसभा चुनाव के परिणामों को रोचक मोड पर लाने का लक्ष्य निर्धारित कर गांव-ढाणी में मतदाताओं के पांव छूकर तो युवाओं को गले लगाकर अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

शनिवार को मैहरू में गोपाल गुर्जर को समर्थकों ने 51 किलो की फूलों की माला पहना जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों के बीच गोपाल गुर्जर ने कहा कि, बीते 20 साल से मालपुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर कोई कार्य नहीं होने से क्षेत्र लगातार पिछडता जा रहा है। क्षेत्र में पुनः विकास के आयाम स्थापित करने के लिए जनता समर्थन देकर विधायक बनाने पर क्षेत्र में विकास के कीर्तिमान स्थापित होंगे।

## आवारा मवेशियों से दुकानदार व ग्राहक परेशान

**सांभरझील, (निसं)।** यहां गोला बाजार में छोटी दीपावली पर मिठाई व अन्य सामानों की खरीदारी करने आए लोगों को खुले तौर पर भ्रमण करते आवारा मवेशियों की वजह से भारी परेशानी उठानी पड़ी।

दुकानदारों को ऐसी स्थिति में अपने सामान की सुरक्षा करने के लिए सांडों पर ध्यान केंद्रित रखना पड़ा, वहीं ग्राहक भी सामान लेते समय इन आवारा पशुओं से अपने आप को बचाते नजर आए। ऐसा ही नजारा यहां के अनेक बाजार में भी पाया गया। इस संबंध में यहां के नेता प्रतिपक्ष अनिल कुमार गट्टानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र डांगरा, पूर्व वाइस चेयरमैन धर्मेंद्र जोपट, पार्षद पति सत्यनारायण स्वामी, पार्षद गौतम सिंघानिया, अग्रवाल समाज के पदाधिकारी विष्णु कुमार सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल आदि की ओर से इन आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए कई दफा पालिका प्रशासन को भी अवगत करवाया गया था लेकिन त्योहारों के आने के बाद भी पालिका प्रशासन इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर सका। यहां के लोगों का कहना है कि यह तो पालिका का नकारापन ही है, यहां के लोगों ने कांग्रेस शासित इस बोर्ड के खिलाफ भी अच्छी खासी नाराजगी व्यक्त की हैं क्योंकि ना तो सफाई व्यवस्था सुचारू है और न ही आवारा पशुओं पर कोई लगाम लगाई जा रही है।

# गहलोत सरकार निकम्मी व भ्रष्ट : वसुंधरा राजे

- पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने फागी में भाजपा प्रत्याशी प्रेमचन्द बैरवा के पक्ष में चुनावी सभा की
- राजे को सुनने पहुंचे हजारों ग्रामीण व नगरवासी

**फागी, (निसं)।** भाजपा प्रत्याशी प्रेमचन्द बैरवा के पक्ष में चुनावी सभा को सम्बोधित करने शनिवार को फागी पहुंची भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसुन्धरा राजे ने हजारों ग्रामीणों की मौजूदगी में कांग्रेस सरकार को भ्रष्टाचारी एवं गारण्टी के नाम पर ठेंगा दिखानी वाली बताते हुए गहलोत सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का आव्हान किया।

राजे की सभा में फागी पंचायत समिति के सरपंच संघ अध्यक्ष भंवर सिंह पचाला के नेतृत्व में 15 पंचायतों के सरपंचों ने अपने सैंकडों समर्थकों के साथ कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए भाजपा सरकार में आस्था प्रकट की।

वहीं दूसरी ओर पूर्व विधायक अशोक तंवर व आर एल पी के दूदू ब्लॉक अध्यक्ष जीतू गोरा के नेतृत्व में सैंकडों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभा स्थल पर दूदू विधानसभा प्रभारी गोविन्द सिंह पंवार, टोंक के पूर्व जिला प्रमुख सत्यनारायण चौधरी, जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपडा, फागी प्रधान प्रेमदेवी, मौजमाबाद प्रधान उगन्ता सुकरिया, अल्पसंख्यक मोर्चा के मुराद अलि शेख, वीरेन्द्र जैन, रंगलाल गुर्जर, विनोद चौधरी, भगवान जोशी शिवराज चौधरी सहित हजारों भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# गुड़ामालानी-पचपदरा में भाजपा ने दिया परिवारवाद को बढ़ावा

## गुड़ामालानी व पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक के पुत्रों को टिकट दिया

- गुड़ामालानी में भाजपा ने पूर्व विधायक लादूराम विश्नोई के पुत्र कृष्ण कुमार विश्नोई को टिकट दिया
- पचपदरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी के पुत्र अरूण चौधरी को टिकट दिया गया है

**जालोर, (कासं)।** भाजपा हमेशा कांग्रेस को परिवारवाद की पार्टी के नाम से कोसते आये हैं। ऐसे में भाजपा ने भी राजस्थान विधानसभा चुनाव में परिवादवाद को बढ़ावा देते हुए गुड़ामालानी व पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक के पुत्रों को टिकट दिया गया।

राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा हमेशा कांग्रेस पर गांधी परिवारवाद को लेकर भाषणबाजी करती रही है। ऐसे में भाजपा ने भी विधानसभा चुनाव में प्रदेश के कई विद्यानसभा सीटो पर पूर्व विधायक के पुत्रों को टिकट देकर परिवार वाद को बढ़ावा देने का कार्य किया है। बाड़मेर जिले के गुड़ामालानी में भाजपा ने पूर्व विधायक लादूराम विश्नोई के पुत्र कृष्ण कुमार विश्नोई को टिकट दिया। लादूराम उम्रदराज होने पर इस बार वे अपने पुत्र के.के. विश्नोई को टिकट दिलाने में सफल हो गये। वही पचपदरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री अमराराम चौधरी के पुत्र अरूण चौधरी को टिकट दिया गया है। अमराराम चौधरी इस क्षेत्र से वर्ष 1980 से लगातार चुनाव लड़ते आये हैं। तथा इस क्षेत्र से पांच बार चुनाव जीतकर विधायक बनकर विधानसभा पहुंच चुके हैं।

ऐसे में इस बार अमराराम चौधरी वयोवृद्ध होने से वे अपने पुत्र डॉ. अरूण चौधरी को टिकट दिलवाने में सफल हुए। पचपदरा में अमराराम चौधरी के पुत्र को टिकट देने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश बी चौहान ने बगावत करते हुए निर्दलीय पर्चा भरा था। लेकिन बाद मे नाम वापस के समय उन्हे मान-मनुहार कर पर्चा वापस ले लिया। इस प्रकार भाजपा ने गुड़ामालानी व पचपदरा विधानसभा क्षेत्र में परिवारवाद को बढावा देते हुए वयोवृद्व नेताओं के पुत्रो को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा है। विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की जनता इन वयोवृद्ध भाजपा के नेताओं के पुत्रों को स्वीकर करती है या नहीं। यह अभी भविष्य के गर्भ में छुपा है।

पचपदरा में भाजपा के महेश बी चौहान को टिकट नहीं देने पर उन्होंने एक परिवार को ही हमेशा टिकट देने का आरोप पार्टी पर लगाते हुए निर्दलीय नामांकन दाखिल किया था, लेकिन बाद में उन्होंने पर्चा वापस ले लिया। वहीं अमराराम हमेशा वंशवाद को बढ़ावा नहीं देने को लेकर पैरवी करते आये हैं। लेकिन चौधरी स्वयं ने अपने पुत्र को टिकट दिलाकर परिवारवाद को बढ़ावा देने का कार्य किया है।

भाजपा द्वारा परिवारवाद को बढ़ावा नहीं देने की बात गुड़ामालानी व पचपदरा में हवा होती नजर आई। वहीं बाड़मेर में भी भाजपा ने क्षेत्र की मजबूत दावेदार प्रियंका चौधरी का टिकट काटकर पूर्व विधायक तगाराम के पोते दीपक कड़वासरा को टिकट दिया है। वहीं प्रियंका ने निर्दलीय पर्चा भर कर कड़वासरा के लिए मुसीबत खड़ी कर दी है। पचपदरा व बाड़मेर में भाजपा प्रत्याशी के लिए नैया पार करना मुश्किल होता नजर आ रही है।

# आंसू बहाने वाले भादरू भाजपा के प्रचार में जुटे

## भाजपा के अजा मोर्चा के वरिष्ठ नेता शंकर भादरू भी टिकट की दौड़ में थे

- भादरू को लेकर लोगों में ऐसे कयास लगाये जा रहे थे कि उनको टिकट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय चुनाव जरूर लड़ेंगे


**जालोर, (कासं)।** भाजपा अजा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे शंकर भादरू को टिकट नही मिलने पर प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया के सामने भावुक होकर आंसू बहाते हुए भाजपा प्रत्याशी जोगेश्वर गर्ग के विरुद्ध चुनाव लड़ने की बात करने वाले भादरू भाजपा के चुनाव प्रचार में जुटे गये हैं।

जालोर विधानसभा चुनाव को लेकर राजनेता कब पल्टी मार दे कुछ कह नही जा सकता है। ऐसा ही नजारा जालोर विधानसभा क्षेत्र में देखने को मिला। भाजपा के अजा मोर्चा के वरिष्ठ नेता शंकर भादरू भी टिकट की दौड़ में थे, लेकिन भाजपा से जोगेश्वर गर्ग को टिकट देने पर उन्होंने भाजपा द्वारा गर्ग को टिकट देने का विरोध प्रकट करते हुए निर्दलीय चुनाव लड़ने को लेकर प्रेस वार्ता बुलाई तथा प्रेस वार्ता में गर्ग पर टिकट काटने सहित कई आरोप लगाते हुए भावुक होकर निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया था।

लेकिन उसके दो दिन में भी भादरू पल्टी मार गये तथा पुन: अपनी गलती स्वीकार करते हुए भाजपा के प्रचार में जुट गये। जबकि भादरू को लेकर लोगो में ऐसे कयास लगाये जा रहे थे कि उनको टिकट नहीं मिलने पर वे निर्दलीय चुनाव जरूर लड़ेंगे। इसके लिए परिवर्तन यात्रा के दौरान भी भादरू ने ढोल ढमाके के साथ काफी खर्चा कर स्वागत किया था। लेकिन शीर्ष ने उनके इस स्वागत सत्कार को कोई तवज्जो नहीं देते हुए टिकट नहीं दिया। ऐसे में राजनीति में राजनेता कब पल्टी मार दे कुछ नहीं जा सकता है। वहीं कुछ दिन पूर्व शंकर भादरू ने भी पूर्व विधायक अमृता मेघवाल से भी अपने फर्म हाउस पर मुलाकात की।

भाजपा का जालोर विधानसभा क्षेत्र में इस बार विधायक द्वारा कार्य नहीं करवाने से विरोध जरूर देखा जा रहा है। वही जालोर में चतुष्कोणीय मुकाबला होने से भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों को काफी पसीना बहना पड़ रहा है। भाजपा प्रत्याशी इस बार चुनाव को हल्के में लेते नजर आ रहे हैं, लेकिन राजनीति में किसी को हल्का आकंलन करना भारी पड़ सकता है।

# कोहरे से वाहन चालकों को हुई परेशानी



रोड पर चल रहे साधनों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा।

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** मौसम के उतार चढ़ाव के कारण कस्बे व आसपास के क्षेत्रों में तापमान में गिरावट देखी गई। शनिवार अल सुबह 4 बजे से ही धुंध व ठंडी हवाओं के चलते आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं रोड पर चल रहे साधनों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा।

सुबह मौसम के करवट बदलने से गुरुवार को हल्की बूंदाबांदी से मौसम में बदलाव आया है जिससे रेलवे लाइनों व खेतों में अधिक धुंध दिखाई दी। धुंध से फसलों को भी फायदा होने की उम्मीद है। धुंध के कारण आमजन को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा वहीं गाड़ियां धीरे-धीरे चलती नजर आई।

**निवाई में गुलाबी ठण्ड ने अपना असर दिखाना शुरू किया :-** दीपावली के त्यौहार के साथ ही गुलाबी ठण्ड ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। रात के तापमान में लगातार गिरावट जारी है। सुबह के समय भी ठण्ड का अहसास होता है। सुबह के समय वातावरण में हल्का कोहरा भी छाया हुआ दिखाई देता है। सूर्योदय होने के एक घण्टे बाद सर्दी का असर कम होता है। शाम को सूर्यास्त के साथ ही ठण्ड शुरू हो जाती है। रात 9 बजे के बाद तापमान में गिरावट होने लगती है और ठण्ड बढ जाती है।

# डंपर चालक ने ली दो युवकों की जान, एक घायल

**जोधपुर, (कासं)।** जिले के पीपाड़ शहर पुलिस थाना क्षेत्र में रिया क्षेत्र में एक डंपर चालक ने बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने इस बारे में मामला दर्ज कर जांच आरंभ की है। पीपाड़ शहर थाने में रिया निवासी घेवरराम पुत्र अणदाराम जाट की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि बताया कि रात्रि के समय डम्पर चालक ने गाड़ी को तेज व लापरवाही से चलाकर उसके भतीजे दीपक और उसके दो साथियों ओमाराम और रामनारायण को टक्कर मारकर उछाल दिया। तीनों घायलों को इलाज के लिये अस्पताल लेकर गए। जहां पर ओमाराम और दीपक की मौत हो गई। जबकि रामनारायण का इलाज चल रहा है।

# एडवोकेट जाखड़ ने भाजपा को समर्थन दिया

- कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव हैं एडवोकेट जाखड़

**पाटन, (निसं)।** नीमकाथाना के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव एडवोकेट मनी राम जाखड़ ने पीला जोहड़ा नीमकाथाना मे आम सभा का आयोजन कर सैंकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का दामन थाम लिया है।

एडवोकेट मनी राम जाखड़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, एवं पूर्व प्रदेश सचिव के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं तथा पार्टी में उनका अच्छा नाम था परंतु स्थानीय विधायक की नाराज़गी के चलते उन्होंने पार्टी से स्थिपा देकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली है। जाखड़ अपने साथ सैंकड़ों समर्थकों को भी अपने साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रेमसिंह बाजौर को अपना समर्थन दे दिया है। इस दौरान रक्षपाल जाखड़ पूर्व पंचायत समित सदस्य, सुबेदार मेजर रामसिंह राठी, विरेन्द्र कुमार गुप्ता नीमकाथाना बार अध्यक्ष, देवेन्द्र चौधरी, सहित सैकड़ों लोगों ने अपना समर्थन भारतीय जनता पार्टी को देकर सदस्यता ग्रहण की।

मंच पर उपस्थित सांसद सुमेदानन्द सरस्वती, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया, खंण्डेला से भाजपा प्रत्याशी सुभाष मील, जिलाध्यक्ष पवन मोदी, करण सिंह तंवर बोपिया ने सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी सदस्यों को माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया। सभास्थल पर सैकडो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# माकपा के मंगेज चौधरी चुनावी समीकरण बिगाड़ने को आतुर

**नोहर, (निसं)।** यहां चुनावी सरगर्मियों के बीच मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार मंगेज चौधरी अपने लिये समर्थन बढ़ाने के लिये जी तोड़ मेहनत कर रहें है। कम्युनिस्ट पार्टी के उम्मीदवार चौधरी ने जनसभा में कांग्रेस पर चुनावी वादा खिलाफी के आरोप लगाए। जनसभा में उन्होंने बोलते हुए दोनों पार्टियों को नाकारा बताते हुए कहा कि यह चुनाव शोषण के खिलाफ माकपा का इंकलाबी आगाज है। विभिन्न गांवों में हो रही चुनावी सभा में ट्रैक्टर रेलिया के माध्यम से जनता किसान की आवाज बने मंगेज चौधरी के साथ से जुड़ती जा रही है। क्षेत्र में जनता दोनो पार्टियों से खफा हैं। कामरेड रिद्धीकरण, एडवोकेट अभय राम गोदारा, राकेश नेहरा, अजय कसवां, सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता साथ रहे।

# सट्टा बाजार के अनुसार अपनी मजबूत सीट भी हार रही कांग्रेस

## सट्टा बाजार दिखा रहा भाजपा की जीत, मतदाता कह रहे सरकार रिपीट

- सौदेबाजों की नजर में झुंझुनूं, पिलानी विधानसभा में कांग्रेस की जीत तय

**झुंझुनू (निसं)।** विधानसभा के चुनाव में सट्टा बाजार का रुझान भी मतदाताओं को प्रभावित करता है जबकि सट्टा बाजार में उतार चढ़ाव निरंतर बना रहता है। कयास के आधार पर संचालित सट्टा बाजार की भविष्यवाणी कई दफा सही सिद्ध हुई है तो कई दफा औंधे मुंह गिरा है सट्टा बाजार। प्रबल जीत की संभावना वाले प्रत्याशी की जीत के आसार ज्यादा होते हैं वहीं भाव कम रहता है।

प्रत्याशी के कम भाव का अर्थ है कि प्रत्याशी की लगभग जीत मानी जाती है हारने के चांस ना के बराबर। कम भाव के ऐसे प्रत्याशी की हार होने पर सौदेबाजी करने वाले लोगों को मोटा मुनाफा मिलता है। इस बार हो रहे विधानसभा चुनाव को लेकर सट्टा बाजार प्रदेश में भाजपा की जीत बता रहा है वहीं मतदाताओं का रुझान और सरकारी कर्मचारियों का रुख इस बार कांग्रेस सरकार रिपीट की ओर बताया जा रहा है। झुंझुनू जिले की सातों विधानसभा सीटों को लेकर सटोरियों का नजरिया कुछ इस प्रकार है।

**प्रत्याशी खुद भी करवाते हैं अपनी सौदेबाजी :-** एक-एक वोट की अहमियत वाले विधानसभा चुनाव में कई दफा प्रत्याशी खुद भी अपने भाव कम रखने के लिए सट्टा बाजार में पैसा फेंकते हैं। प्रत्याशी और समर्थकों के द्वारा सट्टा बाजार में लगाए गए दांव के कारण भाव ऊपर नीचे होते रहते हैं। जिससे प्रत्याशी की हार जीत का रुझान भी सट्टा मार्केट में बदलता रहता है तथा मतदाताओं की मानसिक स्थिति को भी बदलता है।

नवलगढ़, मंडावा और झुंझुनू जिले में कांग्रेस की सबसे मजबूत सीट मानी जाती है। चुनाव कि रणभेरी बजने के साथ ही कांग्रेस ने अपनी सबसे सुरक्षित सीटों पहली लिस्ट में 43 प्रत्याशियों की घोषणा की जिसमे झुंझुनू , मंडावा तथा नवलगढ़ रही। मंडावा से रीटा चौधरी दो बार विधायक रही वहीं झुंझुनू से बृजेन्द्र ओला तथा नवलगढ़ से डॉ राजकुमार शर्मा लगातार तीन बार विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज कर चुके हैं। कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली सीटों पर भी भाजपा की बढ़ त सट्टा बाजार दिखा रहा है जो आमजन को नागवार गुजर रहा है। यदि कांग्रेस अपनी यह तीन सीट भी नहीं जीत सकी तो राजस्थान में कहीं से भी जीत की उम्मीद नहीं की जा सकती। इसी कारण आमजन इसे सटोरियों और प्रत्याशी समर्थकों द्वारा सट्टा मार्केट में खुद के पैसे लगाकर भाव नीचा बनाए रखना मान रहे हैं।

# युवाओं ने भाजपा का दामन थामा

## विधायक ने दुपट्टा पहनाकर किया स्वागत



विधायक रामलाल शर्मा की उपस्थिति में ग्राम सिंगोदकलां के युवाओं ने भाजपा का दामन थामा।

**चौमूं, (निसं)।** विधायक रामलाल शर्मा की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं और भाजपा की राष्ट्रवाद और अंत्योदय की विचारधारा से प्रभावित होकर शनिवार को चौमूं उपखण्ड के ग्राम सिंगोदकलां के युवाओं ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा। विधायक रामलाल शर्मा ने सभी युवाओं को पार्टी का दुपट्टा ओढाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

सदस्यता ग्रहण करने वालों में विजय सिंह शेखावत, रणवीर सिंह शेखावत, भरत सिंह शेखावत, भवानी सिंह शेखावत, प्रीतम सिंह शेखावत, वीरेन्द्र सिंह शेखावत, अभिषेक सिंह शेखावत, विजेन्द्र सिंह शेखावत, शुभम सिंह शेखावत, पुलकित सिंह शेखावत, शैलेन्द्र सिंह शेखावत, दिपेन्द्र सिंह शेखावत आदि युवा शामिल हुए। विधायक रामलाल शर्मा ने सभी युवाओं को भारतीय जनता पार्टी परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने युवाओं के साथ धोखा करने का काम किया है। 26 लाख परिवारों के साथ रीट का पेपर लीक करके अन्याय करने का काम किया है। साथ ही युवाओं के साथ बेरोज़गारी भत्ते का झूठा वादा करके छल करने का काम किया है। भाजपा की सुशासन की सरकार की उम्मीदों के साथ प्रदेश के युवा भारतीय जनता पार्टी के जुड़ रहे हैं।

# प्रिंसिपल पर अभद्रता के आरोप लगाए

## मेडिकल कॉलेज फैकल्टी ने लगाए आरोप

**बून्दी, (निसं)।** बूंदी मेडिकल कॉलेज के फैकल्टी ने अपनी समस्याओं को लेकर शनिवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल से मुलाकात की। जानकारी के अनुसार बूंदी मेडिकल कॉलेज की सभी फैकल्टी ने प्रिंसिपल पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए राजमेस के डायरेक्टर के नाम भेजे गए सामूहिक इस्तीफे की कॉपी अतिरिक्त जिला कलेक्टर को सौंपी। राजमेस के डायरेक्टर के नाम भेजे गए पत्र में मेडिकल कॉलेज के 19 आचार्य, सह आचार्य व सहायक आचार्य के हस्ताक्षर हैं।

नाम न छापने के शर्त पर मेडिकल कॉलेज कीफेकल्टीका कहनाहैकि जिस दिन से कॉलेज में प्रिंसिपल ने जॉइन किया हैं, तभी से आए दिन किसी न किसी फैकल्टी के साथ असम्मानजनक व्यवहार किया जा रहा है। कॉलेज में इस तरह के असम्मानजनक वातावरण में कार्य करना फैकल्टी के लिए संभव नहीं हैं। ऐसे में इस तरह का निर्णय लेना पड़ा है। वहीं मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल से बात करने पर उन्होंने ऐसी किसी भी तरह की घटना की जानकारी होने से मना कर दिया।

# महिला की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** बकरियां चराने गई महिला की हत्या करने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव ने बताया कि 8 नवंबर को पीडित गोपीलाल ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरी छोटी बहन काली बाई पत्नी भूरीलाल गमेती हमेशा की तरह सवेरे पड़ोसी कन्नी बाई गमेती के साथ बकरिया चराने चर्च लालमगरी की तरफ गई थी। सांय बकरिया घर आई लेकिन बहन नहीं आया इसकी जानकारी मेरी मेरी पुत्रवधु जमना ने दी। इस पर मै व मेरा लडका भंवरलाल पड़ोसी चुन्नीलाल, नरेश, जगदीश सभी चर्च की तरफ बहन को तलाश करने गए। जहां झाड़ियों के पास मेरी बहन का खाने का टिफिन, चप्पल तथा कूट व पानी की बोतल पडी मिली। तलाश की तो झाडियों में बहन की लाश पडी थी। जिसके गले में ओडनी से फांसी लगा रखी थी, बायी आंख पर चोट का निशान था, कपडे फटे हुए होकर नग्न अवस्था में पड़ी थी।

इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर पांच टीमों ने 11 नवंबर सवेरे हाथीपोल चोराया पर खडे मजदूरों में संदिग्ध व्यक्ति नजर आया। जिसे डिटेन कर थाने लाकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम अमरा उर्फ किशन पुत्र टीकाराम निवासी गुन्दाली सायरा होकर मजदूरी करना बताया। जिससे सख्ती से की गई पूछताछ में पता चला कि कालबाई से मजदूरी के दौरान करीब दो वर्ष पहले संपर्क होना बताया।

# दुष्कर्म का आरोपी एसआई भूपेंद्र सिंह सेवा से बर्खास्त

## राज्यपाल ने दौसा की घटना पर रोष जताया

- पुलिस महानिदेशक को सख्त और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए

**जयपुर, (निसं)।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने दौसा जिले में चार वर्ष की बालिका के साथ दुष्कर्म के समाचारों पर संज्ञान लेते हुए गहरा रोष जताया है। उन्होंने इस संबंध में कड़ी और प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

मिश्र ने शनिवार को पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा से इस संबंध में फोन पर बात की। उन्होंने इस दौरान दोषी के खिलाफ त्वरित सख्त कार्यवाही करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पूरे समाज को शर्मसार करती हैं। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को कानून एवं आम जन की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करने और इस तरह की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी कार्यवाही करने की हिदायत दी। वहीं डीजीपी पुलिस उमेश मिश्रा ने दौसा जिले में पुलिसकर्मी द्वारा अबोध बालिका से दुष्कर्म की घटना की जानकारी मिलने पर शुक्रवार को ही आरोपी को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश दिये थे। जिस पर आईजी रेंज उमेश दत्ता ने शनिवार को बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिये हैं।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** बैकरिया थाना क्षेत्र में युवक की मारपीट कर हत्या करने वाले को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर आगामी विधान सभा चुनावों के मद्देनजर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाडा पर्वतसिंह राठौड़, पुलिस उप अधीक्षक रामेश्वरलाल के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी प्रभुसिंह चुण्डावत के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर तीन माह पूर्व रक्षाबंधन पर पाण्डीबोर में दो भाईयों के पुत्रों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया था। रतनलाल, अमरा, दयाला, मुकेश को घायल कर दिया था। जिसमें मुकेश की मौत हो गई थी। इस मामले हितेश, मदन, श्रवण, रेशमा पुत्र चुनाराम को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भिजवाया था। शैतान पुत्र जोता गरासिया निवासी गोगरूद फरार होकर चित्तोडगढ भादसौडा में निर्माणाधीन मकान पर मजदूरी कर रहा था। वहां से दीपावली त्यौहार होने से अपने घर आया था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# जिप. सदस्य कमला पूनिया को धमकी देने की बात सहारण के लिए हो सकती है हानिकारक

## इसी प्रकार खेला चलता रहा तो कांग्रेस के मंडेलिया को चूरू की सीट तोहफे में मिल जाएगी

- पिछले दिवस कांग्रेस उम्मीदवार रफीक मंडेलिया की एक चुनावी सभा के दौरान जिला परिषद सदस्य कमला पूनिया ने कहा था कि मेरे रिश्तेदारों को धमकियां दी जा रही है कि उस कमला को कह दो कि हरलालजी के खिलाफ चुनाव प्रचार में नहीं जावें

**चूरू, (कासं)।** कांग्रेस नेत्री एवं जिला परिषद सदस्य कमला पूनिया को भाजपा उम्मीदवार हरलाल सहारण की ओर से धमकी देने की बात खुद हरलाल सहारण के लिए ही हानिकारक साबित हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिवस कांग्रेस उम्मीदवार रफीक मंडेलिया की एक चुनावी सभा के दौरान जिला परिषद सदस्य कमला पूनिया ने कहा था कि आज मैं थाने एक बात बताणी चाहूं, मेरे रिश्तेदारों को धमकियां दी जा रही है कि उस कमला को कह दो कि हरलालजी के खिलाफ चुनाव प्रचार में नहीं जावे। मगर आ फौजी की बेटी व बहू डरने वालों में नहीं है। मैं उस दूधवाखारा गांव की बेटी हूं, जो देश को आजाद करवाने में सबसे आगे रहा। मेरे पिता ने बेटी नहीं जन्मी, मर्दानी जन्मी है, जो आंधी-तूफान है। ना रूकी और ना रूकेगी। मेरे बुर्जुग कांग्रेसी थे और रहेंगे। मेरी लड़ाई सिद्धांतों और विचारों की लड़ाई है। झूठे और फरेबियों के साथ ना मेरा परिवार रहा और ना ही रहेगा। मेरा परिवार कांग्रेस के साथ है और जिंदा रहने तक रहुंगी। मेरी सिद्धांतों व सच्चाई की लड़ाई और इन गींदड़ भभकियों से मैं नहीं डरने वाली। उन्होंने कहा था कि मैं आज सबके सामने कहना चाहती हूं कि अगर उसकी औकात है तो मेरे सामने आए खुले मंच पर। मेरे नंबर तक ले लो, जिदंगी के किसी भी मोड़ पर तुलना कर लेना मेरे सामने शून्य है। मेरी इज्जत कमाई हुई है, कमलाकी राजनीति खत्म करने की बात कहते है, मगर वो कमला की राजनीति खत्म करने वाले हुए नहीं।

कमला की राजनीति कमला के संस्कारों से कमला का बाप-दादा व ससुर की कमाई हुई इज्जत से राजनीति मिली है, चेतराम पूनिया की इज्जत है ये। मैंने कोई दारू बेचजकर रुपये नहीं कमाए, मेरी संस्कारों व इज्जत के बल पर मैं यहां तक पहुंची हूं। मेरी राजनीति खत्म करने वाले पैदा नहीं हुए। कांग्रेस नैत्री एवं जिला परिषद सदस्य कमला पूनिया द्वारा जनसभा में इतनी बातें कहे जाने से यहां जाट समाज के लोगों के अलावा अन्य लोग भी हरलाल सहारण के खिलाफ हो गए हैं। सोशल मीडिया पर कमला पूनिया का वीडियो काफी वायरल भी हो रहा है। यहां राजनीति के जानकारों का कहना है कि कमला पूनिया को धमकी दिए जाने का मामला सहारण की राह का सबसे बड़ा रोड़ा बन गया है। कई तो कह रहे हैं कि यह हरलाल सहारण की हार की पहली सीढ़ी है। इसी प्रकार खेला चलता रहा तो कांग्रेस के रफीक मंडेलिया को चूरू की सीट तोहफे में मिल जाएगी।

# SAI TIRUPATI UNIVERSITY, UDAIPUR

(Approved by Section 2(f) of UGC Act 1956)

Web: www.saitirupatiuniversity.ac.in | Email: info@saitirupatiuniversity.ac.in

## ADMISSION OPEN 2023-24

Call us: 9587890142, 9587890082

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES

Approved By RPMC

### DIPLOMA

- Radiation Technology (X-Ray)
- Dialysis Technology
- Operation Theatre Technology
- Blood Bank Technology
- Medical Laboratory Technology
- Endoscopy Technology
- ECG Technology
- EEG Technology
- Cath Lab Technology
- Ophthalmic Technology

### DEGREE

- Bachelor in Medical Lab Technology
- Bachelor in Radiation Imaging (X-Ray)
- Bachelor in Ophthalmic Technology

9257016003
9587890142

## VENKATESHWAR INSTITUTE OF PHARMACY

Approved By PCI

D.PHARMA (2 Years) | B.PHARMA (4 Years) | 9257016004

## VENKTESHWAR COLLEGE OF PHYSIOTHERAPY

B.P.T. (4.5 Years) | M.P.T. (2 Years) | 9257016002

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY & MASS COMMUNICATION

B.Voc, M.Voc, B. Des, M. Des (Fashion Designing, Interior Designing)

BA-JMC, MA-JMC | 9672978017, 9588936922

## VENKTESHWAR INSTITUTE OF MANAGEMENT STUDIES

MBA (Hospital Administration and Health Care Management) | 9672978017, 9588936922

## PIMS PACIFIC INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES

Near Umarda Railway Station, Ambua Road, Udaipur, Rajasthan

WWW.PACIFICMEDICALSCIENCES.AC.IN | 0294 - 3510000, +91-86964 40666

# खेल जगत



लक्ष्य का पीछा करना हमें काफ़ी आत्मविश्वास देगा और हम इसी आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में जा रहे है। हम इस पर भी विचार करेंगे कि खेल के किसी भी क्षेत्र में पिछड़े रहे है। - तेम्बा बावुमा

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान, खेले गये मुकाबले में टीम की जीत पर।

**आज का खिलाड़ी** ▶ मिचेल मार्श



मिचेल मार्श (177 नाबाद) के तूफानी शतक और स्टीव स्मिथ (63 नाबाद) के बीच 172 रन की साझीदारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्वकप के अपने आखिरी लीग मुकाबले में बांग्लादेश को आठ विकेट से हरा कर सेमीफाइनल के लिये मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल कर ली। बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी कर आठ विकेट पर 307 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य आस्ट्रेलिया के सामने रखा था मगर मार्श की आतिशी बल्लेबाजी ने उस लक्ष्य को बौना साबित कर दिया और आस्ट्रेलिया ने 32 गेंद शेष रहते जीत हासिल कर ली। आस्ट्रेलिया की विश्वकप में यह लगातार सातवीं

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# ऑस्ट्रेलिया लगातार 7 जीत के बाद सेमीफाइनल खेलेगा, बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया

पुणे, 11 नवम्बर। 5 बार की वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने वनडे वर्ल्ड कप में लगातार 7वां मैच जीत लिया है। टीम ने पुणे में बांग्लादेश को 8 विकेट से हराया। अब टीम 16 नवंबर को सेमीफाइनल खेलेगी। स्टेडियम में बांग्लादेश ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 306 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में 2 ही विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। वर्ल्ड कप इतिहास में ऑस्ट्रेलिया ने अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज किया। ऑस्ट्रेलिया से मिचेल मार्श ने सेंचुरी लगाई, वह 177 रन बनाकर नॉटआउट रहे। स्टीव स्मिथ ने 63 और डेविड वॉर्नर ने 53 रन बनाए। पहली पारी में शॉन एबट और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले मैच में अफगानिस्तान को हराकर ही सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया था। टीम अब 7 लगातार मैच जीतने के बाद साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल खेलेगी। दोनों का नॉकआउट मुकाबला 16 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर दोपहर 2:00 बजे से होगा। ऑस्ट्रेलिया को टूर्नामेंट के शुरुआती 2 मैचों में भारत और साउथ अफ्रीका से हार मिली थी। टीम ने यहां से न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, नीदरलैंड, इंग्लैंड, पाकिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के खिलाफ लगातार 7 मैच जीते। 307 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कंगारू टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने तीसरे ही ओवर में ओपनर ट्रैविस हेड का विकेट गंवा दिया। नंबर-3 पर उतरे मिचेल मार्श ने डेविड वॉर्नर के साथ 120 रन की पार्टनरशिप की। वॉर्नर 53 रन बनाकर आउट हुए। मार्श फिर भी टिके रहे और अपनी सेंचुरी पूरी कर ली। स्मिथ ने 63 रन



बनाए और मार्श के 175 रन की पार्टनरशिप कर टीम को जीत दिला दी। मार्श 177 रन बनाकर नॉटआउट रहे, उन्होंने अपनी पारी में 17 चौके और 9 छक्के लगाए। मार्श का स्ट्राइक रेट 134.09 का रहा। इस वर्ल्ड कप में ये दूसरा सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर भी रहा। पहले नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के ही ग्लेन मैक्सवेल हैं, जिन्होंने टीम के पिछले ही मैच में अफगानिस्तान के खिलाफ 201 रन बनाए थे। डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श के बीच दूसरे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी हुई। दोनों ने 116 बॉल पर 120 रन जोड़े। ये साझेदारी वॉर्नरके विकेट के साथ टूटी। वॉर्नर 53 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वॉर्नर ने अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 61 बॉल पर 53 रन की पारी खेली। वॉर्नर के वनडे करियर की यह 33वीं और इस वर्ल्ड कप की दूसरी हाफ सेंचुरी है। पावरप्ले की शुरुआत में बांग्लादेश को अच्छा स्टार्ट मिला। तीसरे ओवर में ही ट्रैविस हेड आउट हो गए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने पारी को संभाला और बड़े ओवर निकाले। ऑस्ट्रेलिया ने पावरप्ले में 50 का आंकड़ा पार करने के साथ 1 विकेट भी खोया। बांग्लादेश की ओर से तौहीद हृदॉय ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 79 बॉल पर 74 रन की पारी खेली। यह उनके वनडे करियर की छठी और वर्ल्ड कप की पहली फिफ्टी है। उनके अलावा नजमुल हुसैन शांतो ने 45, लिट्टन दास ने 36, तंजिद हसन तमीम ने 36 और महमूदुल्लाह रियाद ने 32 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से शॉन एबट और एडम जम्पा ने दो-दो विकेट लिए। मार्कस स्टोयनिस को एक विकेट मिला। बांग्लादेश के तीन खिलाड़ी रन आउट हुए।

## वर्ल्ड कप के दौरान बाबर का चेयरमैन जफा अशरफ से भी विवाद

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। दरअसल 28 अक्टूबर को राशिद लतीफ ने एक पाकिस्तानी चैनल को इंटरव्यू में बताया कि बाबर आजम ने जका अशरफ को कॉन्टैक्ट करने की कोशिश की थी, लेकिन उन्होंने बाबर के कॉल या मैसेज का जवाब नहीं दिया। अपनी आलोचना देखकर अशरफ ने एक पाकिस्तान चैनल को इंटरव्यू दिया। अपने ऊपर लगे आरोपों का अशरफ ने खंडन किया। इस पर सफाई देते हुए चैनल को अशरफ ने बताया कि, बाबर ने उनसे कॉन्टैक्ट नहीं किया। उन्होंने अपनी बात को सही साबित करने के लिए एक चैट इंटरव्यूवर के साथ शेयर कर दी। ये चैट बाबर और चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर सलमान नसीर के बीच हुई थी। इस चैट में नसीर ने बाबर से पूछा कि टीवी और सोशल मीडिया पर ऐसी खबरें भी चल रही हैं कि आप चेयरमैन को फोन कर रहे हैं और वह जवाब नहीं दे रहे हैं। क्या आपने उन्हें हाल ही में फोन किया है? जवाब में बाबर ने लिखा सलाम सलमान भाई, मैंने सर को कोई कॉल नहीं किया है।

## गढ़वाल और रेंजर्स के बीच कल होगा खिताबी मुकाबला

नयी दिल्ली, 11 नवंबर। शहीद भगत सिंह मेमोरियल फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल गढ़वाल एफसी और रॉयल रेंजर्स के बीच सोमवार को खेला जाएगा। आज यहां अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबलों में गढ़वाल ने दिल्ली एफसी को टाई ब्रेकर में 7-6 से और रॉयल रेंजर्स ने सुदेवा एफसी को 4-2 से हराया। गढ़वाल और दिल्ली एफसी के बीच खेला गया मैच खासा रोमांचक रहा। दोनों टीमों ने कई अच्छे मूव बनाए और गंवाए। अभोय और गिरी ने दिल्ली एफसी के लिए गोल किए। गढ़वाल की ओर से राधाकांता ने गोल किया लेकिन 75 वें मिनट में दिल्ली एफसी के सैमसन ने अपना ही गोल भेद दिया। इस आत्मघाती गोल के बाद टाई ब्रेकर में गढ़वाल ने बाजी मार ली। रॉयल रेंजर्स ने युवा खिलाड़ियों से सजी सुदेवा को शुरू से ही नियंत्रण में रखा और निश्चित अंतराल के बाद अभिषेक, बेखम, बंसल और डेंजिल ने गोल किए। सुदेवा के दोनों गोल जोजो ने किए। उधर नेहरू स्टेडियम मैदान पर चैंपियन बन चुकी गढ़वाल यूनाइटेड की लड़कियों ने हंस क्लब पर गोलों की बरसात करते हुए 14-0 से जीत पाई। विजेता के लिए संफीदा, नोंगरम और प्लेयर ऑफ द मैच मोनिशा (4) ने तिकड़ी जमाई। थिएमलालनी, किपजेन, तिंगजोकिम और फ्रैगरेंसीए ने एक एक गोल बांटे। दूसरे मैच में रॉयल रेंजर्स ने अनुष्का सैमुअल के दो गोलों से सिग्नेचर एफसी को 2-2 की बराबरी पर रोका। सिग्नेचर की ओर से भगवती और कंचन रावत ने गोल किए।

## डेविड मिलर ने तीन अटैम्प्ट में कैच लपका

बेंगलुरु, 11 नवम्बर। साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड कप 2023 में अपने आखिरी लीग मुकाबले में अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया। टीम ने शुक्रवार को अहमदाबाद में 245 रन का टारगेट 47.3 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैच के दौरान डेविड मिलर ने रहमत शाह का कैच तीन एटैम्प्ट में पकड़ा। वही, विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन ने बतौर फील्डर शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। साउथ अफ्रीका के प्लेयर डेविड मिलर ने तीन अटैम्प्ट में कैट लपका। 24वें ओवर की पांचवीं गेंद पर रहमत शाह ने लुंगी एनगिडी की वाइड गेंद को बैकवर्ड पॉइंट की ओर खेला, जहां मिलर तैनात थे। गेंद एक बार नहीं बल्कि दो बार मिलर के हाथ से फिसली, इससे पहले कि गेंद उनके चेहरे से टकराती, तीसरी कोशिश में उन्होंने बॉल को पकड़ लिया। साउथ अफ्रीका के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक में आउट हो गए। 14वें ओवर की पहली बॉल पर मोहम्मद नबी ने डी कॉक को ऑफ ब्रेक बॉल फेंकी। इसे डी कॉक पढ़ नहीं सके और रिवर्स स्विप खेलने के चक्कर में बॉल उनके पैड पर जा लगी। अफगानिस्तान की अपील पर अंपायर क्रिस ब्राउन ने इसे नॉट आउट दिया। कप्तान हश्मतुल्लाह शहीदी ने रिव्यू लिया। तीसरे ओवर की दूसरी बॉल पर कगिसो रबाडा ने जादरान को आउटसाइड ऑफ गेंफ फेंकी। जादरान ने इस ड्राइव किया, लेकिन टाइमिंग में मात खा गए। कवर्स की ओर जाती गेंद को पकड़ने के लिए महाराज शायद बॉल के जल्दी आने की उम्मीद कर रहे थे। उन्होंने डाइव लगाने का सही समय नहीं चुना और एक हाथ से बॉल पकड़ने की कोशिश की, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा।क्लासन ने लिया क्विक कैच साउथ अफ्रीका के विकेटकीपर ने बतौर फील्डर स्लिप पर शानदार कैच लपका। 9वें ओवर की पहली बॉल पर केशव महाराज ने लेंथ बॉल फेंकी, इसमें टर्न मिला और बल्लेबाजी कर रहे रहमनुल्लाह गुरबाज के बल्ले के किनारे से बॉल लग कर पीछे गई। फर्स्ट स्लिप में खड़े क्लासन झुके और दाहिने (राइट) हाथ से क्विक कैच लपका।

# पाकिस्तान वर्ल्ड कप से बाहर

## // आखिरी मैच में इंग्लैंड ने 93 रन से हराया //

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। पाकिस्तान की टीम वर्ल्ड कप 2023 से बाहर हो गई है। टीम को इंग्लैंड ने आखिरी लीग मुकाबले में 93 रन से हरा दिया। कोलकाता में शनिवार को इंग्लैंड ने 337 रन बनाए। पाकिस्तान 43.3 ओवर में 244 रन पर ही ऑलआउट हो गया। सलमान अली आगा (51 रन) ने अर्धशतक जमाया। वहीं इंग्लैंड से डेविड विली ने 3 विकेट लिए, जबकि आदिल रशीद, मोइन अली और गस एटकिंसन को 2-2 विकेट मिले।



ईडन गार्डन्स स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की और 50 ओवर में 9 विकेट पर 337 रन बनाए। ओपनर जॉनी बेयरस्टो ने 59, जो रूट ने 60 और बेन स्टोक्स ने 84 रन की अर्धशतकीय पारियां खेलीं। कप्तान जोस बटलर ने 27 और हैरी ब्रूक ने 30 रन का योगदान दिया। पाकिस्तान की ओर से हारिस रऊफ ने 3 विकेट लिए, जबकि शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। इफ्तिखार अहमद के हिस्से भी एक सफलता आई। पाकिस्तान की टीम इस हार से पहले ही सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी थी। टीम को इंग्लैंड ने 338 रन का टारगेट दिया, पाकिस्तान को नॉकआउट में पहुंचने के लिए टारगेट 38 बॉल में चेज करना था, लेकिन टीम 7 ओवर में जीत दर्ज नहीं कर सकी। इसीलिए मैच का नतीजा आने से पहले ही पाकिस्तान टीम नॉकआउट से बाहर हो गई।

मिडिल ओवर के आखिर में नौवां विकेट गंवाने के बाद मोहम्मद वसीम और हारिस रऊफ ने 10वें विकेट के लिए 35 बॉल पर 53 रन की पार्टनरशिप की। इस साझेदारी को 44वें ओवर में क्रिस वोक्स ने तोड़ा। यहां हारिस रऊफ 35 रन बनाकर आउट हुए। आखिरी के 3.3 ओवर में पाकिस्तान ने एक विकेट खेलकर 35 रन बनाए। 11वें से 40 ओवर के बीच में पाकिस्तान की बल्लेबाजी बिखर गई।

टीम ने बीच के 30 ओवर में 166 रन बनाने में 7 विकेट गंवा दिए। 40 ओवर के बाद टीम का स्कोर 209/9 रहा। 25वें ओवर में डेविड मलान ने सलमान अली आगा को रनआउट करने का मौका गंवाया, तब वे 5 रन बनाकर खेल रहे थे। बाद में सलमान ने 51 रन की पारी खेली। बीच में कप्तान बाबर आजम ने 38, मोहम्मद रिजवान ने 36, सऊद शकील ने 29 रन की पारियां खेलीं, लेकिन इंग्लिश गेंदबाजों ने इन पारियों को बड़ा नहीं होने दिया।

डेविड विली ने 37वें ओवर में सलमान आगा को आउट करके अपने आखिरी मैच में 100वां वनडे विकेट लिया। 38वें ओवर में शाहीन के आउट होने के बाद मोहम्मद वसीम और हारिस रऊफ ने पारी को आगे बढ़ाया। 338 रन का टारगेट चेज करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत फीकी रही। टीम ने 10 रन पर ओपनर्स के विकेट गंवा दिए। अब्दुल्लाह शफीक जीरो और फखर जमान एक रन बनाकर आउट हुए। दोनों को डेविड विली ने पवेलियन लौटाया। टीम को सेमीफाइनल में प्रवेश करने के लिए 40 बॉल पर 338 रन का टारगेट चेज करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को सस्पेंड किया

## // सरकार की दखलअंदाजी के कारण लिया फैसला //

नई दिल्ली, 11 नवम्बर। टीम वर्ल्ड कप 2023 में 2 ही मैच जीत सकीरी लंका क्रिकेट बोर्ड को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने सस्पेंड कर दिया है। ने बोर्ड में सरकार की दखलअंदाजी के बाद उनकी सदस्यता को तत्काल प्रभाव से छीन लिया है। भारत में जारी वनडे वर्ल्ड कप में श्रीलंका का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम 9 में से 2 ही मुकाबले जीत सकी। क्वार्टरली मीटिंग 18 से 21 नवंबर के बीच वर्ल्ड कप के दौरान अहमदाबाद में होगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को देश की सरकार ने पिछले दिनों पूरी तरह भंग कर दिया था। जिसे देखते हुए के अधिकारियों ने ऑनलाइन मीटिंग की और बोर्ड को सस्पेंड कर दिया।

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड में सरकार की बहुत ज्यादा दखलअंदाजी हो रही थी। किसी भी मेंबर के काम में सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। लेकिन पिछले कुछ दिनों से श्रीलंका बोर्ड खुलकर काम नहीं कर पाया, जिसे देखते हुए बोर्ड को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड किया जा रहा है। 18 से 21 नवंबर को होने वाली मीटिंग में फैसला होगा कि श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के साथ आगे क्या किया जाए। हालांकि सस्पेंशन के बाद श्रीलंका क्रिकेट पर फिलहाल कुछ असर होता नजर नहीं आ रहा है। क्योंकि टीम दिसंबर तक कोई इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेलेगी और जनवरी तक बोर्ड को कोई फंड भी ट्रांसफर नहीं होना है।

सस्पेंशन के बाद खिलाड़ियों पर शायद ही कोई असर पड़े लेकिन श्रीलंका बोर्ड के रेवेन्यू को रोक सकता है। साथ ही उनसे अगले इवेंट की मेजबानी भी छीन सकता है। अगले साल जनवरी-फरवरी के दौरान श्रीलंका में मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप होना है। अगर में बोर्ड की सदस्यता कायम नहीं रही तो इस टूर्नामेंट की मेजबानी भी उनसे छिन सकती है।

वर्ल्ड कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद श्रीलंका के खेल मंत्रालय ने सोमवार, 6 नवंबर को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को बर्खास्त कर दिया था। श्रीलंका क्रिकेट के लिए एक अंतरिम बोर्ड का गठन भी किया गया। खेल मंत्री रोशन रणसिंघे के कार्यालय ने एक बयान में कहा था, देश के 1996 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान अर्जुन रणतुंगा को नए अंतरिम बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

हालांकि श्रीलंका की कोर्ट ने बोर्ड को भंग करने के फैसले पर अगले ही 14 दिन की रोक लगा दी। बोर्ड में सरकार की इस हस्तक्षेप के बाद प्रेसिडेंट शम्मी सिल्वा ने से मदद मांगी। ने तत्काल ऑनलाइन मीटिंग और बोर्ड की सदस्यता ही सस्पेंड कर दी। भारत से मिली हार के बाद खेल मंत्री रोशन रणसिंघे ने शुक्रवार को अपने एक बयान में श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को देशद्रोही और भ्रष्ट कहा था। उन्होंने बोर्ड के सदस्यों से इस्तीफा भी मांगा था। जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट के सचिव मोहन डी सिल्वा ने शनिवार, 4 नवंबर को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। वर्ल्ड कप में 2 नवंबर को खेले गए मैच में श्रीलंका को भारत ने 302 रन से हराया था।

## लक्ष्य का पीछा करने से आत्मविश्वास में हुई वृद्धि : बावुमा

अहमदाबाद, 11 नवंबर। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने कहा कि आज खेले गये मुकाबले में लक्ष्य का पीछा करते हुए जीत से आत्मविश्वास में हुई है। बावुमा ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करना हमें काफ़ी आत्मविश्वास देगा और हम इसी आत्मविश्वास के साथ सेमीफाइनल में जा रहे है। हम इस पर भी विचार करेंगे कि खेल के किसी भी क्षेत्र में पिछड़े रहे है।

## स्टेडियम में दस लाख से अधिक दर्शक ले चुके है विश्व कप का मजा

मुबंई, 11 नवंबर। दस लाख से अधिक क्रिकेट प्रेमी अब तक मौजूदा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का स्टेडियम में बैठ कर लुफ्त उठा चुके हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के दौरान दस लाखवां प्रशंसक टर्नस्टाइल के माध्यम से आया। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को अब तक के सबसे बड़े विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए प्रशंसक भारत भर के दस स्टेडियमों में उमड़ रहे हैं। आईसीसी को भरोसा है कि दर्शकों के मैदान की ओर रूख करने की यह रफ्तार 15 और 16 नवंबर को होने वाले सेमीफाइनल तक जारी रहने वाली है, जिसके बाद 19 नवंबर को फाइनल होगा। टीवी और मोबाइल फोन पर दर्शकों की संख्या पहले ही विश्व कप के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर चुकी है।

इस उपलब्धि पर आईसीसी के हेड ऑफ इवेंट्स क्रिस टेटली ने कहा, एक मिलियन से अधिक रिकॉर्ड-तोड़ दर्शकों के साथ विश्व कप ने दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को वनडे प्रारूप में समर्थन और रुचि की याद दिला दी है, जो इस पर प्रकाश डालता है। उन्होने कहा विश्व कप क्रिकेट को कितना महत्व दिया जाता है. जैसा कि हम नॉकआउट चरण की ओर देख रहे हैं।

# बाबर आजम छोड़ सकते है कप्तानी

## पूर्व चेयरमैन रमीज राजा और करीबियों से सलाह मांगी

कोलकाता, 11 नवम्बर। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम वनडे वर्ल्ड कप के बाद टी-20 और वनडे की कप्तानी छोड़ सकते हैं। वे वर्ल्ड कप के दौरान ही भारत में इसका ऐलान करने वाले थे, लेकिन अब वे स्वदेश लौटने के बाद इस पर फैसला लेंगे। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है।

भारत में खेले जा रहे वनडे वर्ल्ड कप में आज (शनिवार को) पाकिस्तान को अपना आखिरी लीग मैच इंग्लैंड के खिलाफ कोलकाता के इडेन गार्डन्स में खेलना है। पाकिस्तान का सेमीफाइनल में पहुंचने का रास्ता लगभग बंद हो चुका है। पाकिस्तान की टीम वनडे वर्ल्ड कप में अब तक 8 में से 4 ही मैच जीत सकी है। उसे अफगानिस्तान से भी हार का सामना करना पड़ा है।

जियो न्यूज के अनुसार बाबर आजम ने वाइट बॉल की कप्तानी छोड़ने के लिए के पूर्व चेयरमैन रमीज राजा और अपने करीबियों से सलाह मांगी है। शुक्रवार को कोलकाता के ईडेन गार्डंस में रमीज राजा और बाबर के बीच चर्चा



भी हुई। वे अपने परिवार के लोगों से भी चर्चा करने वाले हैं। बाबर ने अपने पिता के अलावा पूर्व क्रिकेटर मोइन खान और शोएब मलिक से भी कप्तानी छोड़ने की बात कह चुके हैं। उनके बहुत से करीबी और पूर्व क्रिकेटरों की टिप्पणी के बाद उन्हें तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ने को कह चुके हैं। बाबर ने इस वर्ल्ड कप में आठ मैचों में 40.28 की औसत से 282 रन ही बनाए हैं। उन्होंने एक भी शतक नहीं लगाया है। बाबर 951 दिन तक के रैंकिंग में नंबर-1 पर रहने के बाद अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। अब भारत के शुभमन गिल टॉप पर पहुंच गए हैं। यदि पाकिस्तान आज इंग्लैंड से जीत जाए तब उसके भी पॉइंट न्यूजीलैंड के बराबर हो जाएंगे, लेकिन रन रेट के हिसाब से पाक टीम कीवियों से पीछे रह जाएगी। सेमीफाइनल के लिए पाकिस्तान को इंग्लैंड को 287 रन से हराना होगा। अगर पाक चेज कर रहा होगा तो उसे तय टारगेट 278 से 284 गेंद बाकी रहते हासिल करना होगा। यानी टारगेट के अनुसार उसे 16 से 22 गेंद के अंदर मुकाबला जीत लेना होगा।












पूर्व उप मु.मंत्री सचिन पायलट ने शनिवार को रोड शो के जरिये टोंक के शहरी क्षेत्रों में जनसम्पर्क किया। पायलट के रोड शो की शुरुआत शहर के पटेल सर्किल से हुई तथा शहर के सभी मुख्य बाजारों से गुजरते हुये बालाजी मंदिर पर खत्म हुई। पायलट ने जनसम्पर्क के दौरान लोगों को दीपावली की शुभकामनाये भी दीं। गौरतलब है कि, पायलट का इससे पहले तीन दिनों तक ग्रामीण क्षेत्रों में जनसम्पर्क कार्यक्रम चला था जिसमें उन्होंने करीब 75 गाँवों का दौरा किया था। सचिन पायलट टोंक नगर परिषद के सभापति अली अहमद के घर पर भी गये और उनका हाल-चाल जाना।

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा व पूर्व विधायक अशोक तंवर भाजपा में शामिल हुए

## कोटा में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मेहता व टोंक के सोडा गांव की सरपंच छवि राजावत ने भी भाजपा का दामन थामा

- **इनके अलावा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।**
- **भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सी.पी. जोशी ने इन सभी का भाजपा में स्वागत किया।**

जयपुर, 11 नवंबर। राज्य में विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। बताया जाता है कि कांग्रेस सरकार की नीतियों और झूठे वादों से परेशान होकर कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेता भाजपा का दामन थाम रहे है। इसी कड़ी में कांग्रेस के पूर्व मंत्री रामगोपाल बैरवा, चाकसू के पूर्व विधायक अशोक तंवर और कोटा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष पंकज मेहता, टोंक के सोडा सरपंच सुश्री छवी राजावत अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ शनिवार को भाजपा परिवार में शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी एवं सांसद कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ और चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक नारायण पंचारिया ने सभी को पार्टी का दुपट्टा ओढ़ाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम के दौरान मंच पर जयपुर ग्रेटर नगर निगम की महापौर सौम्या गुर्जर, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और भाजपा प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकान्त भारद्वाज उपस्थित थे।

कार्यक्रम में कांग्रेस एवं अन्य पार्टियों के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा अभाव अभियोग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बृजराज कृष्ण उपाध्याय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष पद प्रत्याशी रहे कृष्णपाल सिंह चुंडावत, राजस्थान ब्राह्मण महासभा बाडमेर के जिला महामंत्री बजरंग पालीवाल, बाड़मेर के पूर्व जिला परिषद सदस्य बाबूलाल नामा, बाडमेर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष चन्द्र सिंह चारण पारलू, वार्ड नंबर 64 पार्षद राजू अग्रवाल, वार्ड 15 पूर्व पार्षद महादेव शर्मा, दिव्यांग अधिकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हेमन्त भाई गोयल, विधायक प्रत्याशी कविता शर्मा, पार्षद वार्ड 46 राम जानकी देवी, वैशाली नगर ब्लॉक उपाध्यक्ष सुनील नागौरा सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा पूर्व सरपंच जितेंद्र सिंह भाटी, कवि शर्मा, सुरेश शर्मा, राजेश जैन, नवीन मित्तल, राकेश जोशी, अनीता राठौड, सुनील नागौरी, योगेश बंसल, अनुराग पालीवाल, विकास भार्गव, रमेश चंद जैन, राजेश अग्रवाल, पंकज वर्मा, अजय पारीक, दिनेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण शर्मा, ललित शर्मा, डॉ. सुनील गोयल, सीमा कंवर, मधुसूदन शर्मा, दीपक शर्मा, बजरंग सिंह शेखावत, अमरचंद लेखरा, डॉ. अनिल शर्मा, नरेंद्र शर्मा, तरूण कुमावत, रामनिवास प्रजापति, नंदकिशोर कुमावत, पैमारामजी कुमावत, कैलाश कुमावत, कविता देवल, शुभकरण देवल, डॉ. सम्पत सिंह राजावत, रणवीर सिंह राजावत, योगेन्द्र परसोया, शैलेश कुमार जैमन, जितेंद्र सिंह भाटी, रामेश्वर यादव, लालाराम यादव, श्रवण यादव, शंकर लाल यादव, जीवन राम यादव, रामकरण गुर्जर, मोरूराम गुर्जर, गोपाल गुर्जर, बदरी नारायण गुर्जर, हनुमान गुर्जर, बंशी यादव, डालू राम कुमावत, भागचन्द कुमावत, दोलूराम कुमावत, बदरी नारायण कुमावत, लालराम कुमावत, सोनारायण कुमावत, ईश्वर सिंह भाटी, देवेन्द्र सिंह भाटी, कुलदीप सिंह भाटी, हेमन्त सिंह भाटी, अभिषेक सिंह भाटी, हनुमान सिंह , दीपेंद्र सिंह राठौड, दिलीप सिंह, कुलदीप सिंह राठौड, रमेश चन्द्र वर्मा, मुकेश वर्मा, रामचरण, पूरण और हेमराज कुमावत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# टोंक के तूफानी दौरे का समापन विशाल रोड शो से किया पायलट ने

## बसपा प्रत्याशी अशोक बैरवा ने सचिन पायलट को अपना समर्थन देने की घोषणा की

- **टोंक शहर में जगह-जगह पर पायलट का भव्य स्वागत किया गया।**
- **टोंक नगर परिषद के सभापति अतीक अहमद, जो हाल ही में इलाज कराकर अस्पताल से घर लौटे हैं, के हालचाल पूछने पायलट उनके घर गए।**
- **टोंक में भाजपा शहर मंत्री रामदयाल बैरवा समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए।**

टोंक, 11 नवम्बर (निसं)। प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट ने शनिवार को टोंक शहर में रोड शो किया और व्यापारियों व जनता का दिल जीत लिया। इससे एक दिन पहले उन्होंने टोंक विधानसभा क्षेत्र के पालड़ी, ढाढा, भीलों की बस्ती व डारडाहिन्द गांव में जनसम्पर्क किया था।

सचिन पायलट ने टोंक नगर परिषद के सभापति अली अहमद से उनके घर जाकर मुलाकात की, जो हाल ही में जयपुर हॉस्पिटल में अपना इलाज कराकर टोंक लौटे थे। रीढ़ की हड्डी में समस्या होने के कारण डॉक्टर ने उन्हें पूर्ण आराम करने के लिए कहा है। सचिन पायलट ने उनके घर जानकर कुशलक्षेम पूछी और जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

शनिवार को ही पायलट ने शहर में रोड शो किया। पायलट ने पटेल सर्किल से घण्टाघर चौराहा, मुख्य बाजार, सुभाष बाजार, पांच बत्ती, काफला बाजार, बड़ा कुएं होते हुए बस डिपो से मुख्य बाजार बालाजी मंदिर तक जनसम्पर्क के दौरान शहरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दीं। पायलट की विनम्रता और शिष्टता ने शहर वासियों का दिल जीत लिया। जगह-जगह पर विभिन्न जातियों व वर्गों के लोगों ने पायलट का साफा एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनन्दन किया और पटाखे चलाकर खुशी जताई।

टोंक के बसपा प्रत्याशी अशोक बैरवा ने पायलट को अपना समर्थन देने की घोषणा की तथा बसपा के समर्थकों से पायलट के पक्ष में वोट डालने की अपील की। पायलट ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि, "बसपा के जो प्रत्याशी हैं अशोक बैरवा आज उन्होंने हमको हमारी जो विचारधारा है, उसको अपना समर्थन दिया है। उनके आने से हम को और बल मिलेगा, मैं उनका स्वागत करता हूं।" उन्होंने कहा कि "हम प्रचार करते हैं तब पूरी ताकत से करते हैं। मुझे मध्यप्रदेश में, राजस्थान में भी अनेकों जगह जाकर प्रचार करना है। इसलिए हमने सोचा टोंक मेरा गृह क्षेत्र है, तो सबसे पहले हम को टोंक में प्रचार करना चाहिए। भाजपा के पास कोई मुद्दे नहीं बचे उनके प्रचार में कोई दम नहीं है। आप सब टोंक के अंदर माहौल देख रहे हैं, हमें लगता है यहां कांग्रेस पार्टी को पिछली बार की जीत से बड़ी जीत हासिल होगी।"

रोड शो में पायलट के साथ सऊद सईदी, हंसराज फागणा, कमल बैरवा, हरि प्रसाद बैरवा, महेन्द्र सिंह खेडी, केलाशी देवी मीणा, इरशाद बेग, दिनेश चौरासिया, धर्मेन्द्र सालोदिया, हंसराज गाता, फोजू मीणा, राहुल सैनी, अब्दुल मुजीब पार्षद, महावीर तौगडा, मणिन्द्र बैरवा, अजीज़ कुरेशी, हनुमान यादव,युसुफ इंजीनियर, इमरान खांन, मोहम्मद नसीम अन्सारी, रामअवतार टांक, शैलेश गुर्जर, रामदेव गुर्जर, चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, अब्दुल खालिक, जर्रार खान, शकील मियॉं, अजमल देवपुरा, नईम अपोलो, शब्बीर अहमद, बरकत हसीन, राजेन्द्र गोयल, सुरेन्द्र रैगर, राजू रैगर, रामदेव मीना, रामलाल, आमिर फारूकी, कैलाशी मीणा, अरशद चिश्ती, जावेद चिश्ती, युसुफ यूनिर्वसल, इम्तियाज़ खान, मुद्दसर खान, शरीफ मेवाती, आरिफ कायमखानी सहित कांग्रेस के कई कार्यकर्ता तथा आम जन शामिल हुए।

वहीं, टोंक में भाजपा शहर महामंत्री रामदयाल बैरवा के नेतृत्व में भाजपा के कई कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## क्या वरूण...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

बाहर उन्होंने अपने चचेरे भाई कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। उसके बाद से इन अटकलों को बढ़ावा मिला है। वरुण गांधी इन दिनों भाजपा की महत्वपूर्ण बैठक में भी नहीं दिख रहे है और कई मुद्दों पर उनके बयान पार्टी के रुख से अलग सुनने में आए हैं जैसे कृषि कानून आदि। दोनों भाई सार्वजनिक रुप से कम ही साथ देखे गए हैं। इसलिए इस मुलाकात के कारण वरुण गांधी के भविष्य को लेकर काफी चर्चाएं हो रही हैं। वरुण और उनकी मां मेनका भाजपा सांसद हैं पर अब भाजपा उन्हें अपने कार्यक्रमों में शामिल नहीं करती है। सूत्रों ने कहा कि वरुण की बेटी से मिलकर राहुल बहुत खुश थे। तथा दोनों के बीच कोई राजनैतिक चर्चा नहीं हुई थी। राहुल तीन दिन से केदारनाथ में थे और वरुण गांधी उसी मुलाकात वाले दिन ही परिवार के साथ केदारनाथ गए थे।

## दर्जनों गारंटियों के बाद भी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थानेदारों की पृष्ठभूमि देखकर उन्हें थाने सौंपे जाते थे। लेकिन मुख्यमंत्री बनते ही अशोक गहलोत पर विधायकों और उनके करीबी बिचौलियों का दबाव बढ़ता रहा। यह शायद पहली बार देखने को मिला है कि विधायक और मंत्री पुलिस थानों से लेकर शिक्षा विभाग में बाबू और टीचरों की ट्रांसफर पोस्टिंग में मोटी कमाई कर रहे हैं। पीडब्ल्यूडी, बिजली, व जलदाय विभाग में दुर्गम स्थानों से सुगम स्थानों पर पोस्टिंग के बदले रिश्वत का कारोबार कई कई लाख तक पहुंचा हुआ है।

बिजली विभाग के एक युवा ठेकेदार से भरतपुर-दौसा रोड के टी स्टाल पर बात हुई। नाम ना छापने की शर्त पर उन्होंने कहा सरकारी काम बिना कमीशन के नहीं मिल सकता। हां पहले की तुलना में अब कमीशन का रेट बढ़ा है।

आश्चर्य तो यह है कि सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना की गारंटी देने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों में गहलोत सरकार को वापस सत्ता में लाने का जो उत्साह दिखना चाहिए था, वैसा नहीं दिखता।

लोगों का मानना है कि अशोक गहलोत ने पांच साल तक एक अल्पमत सरकार को बड़ी मुश्किलों से चलाया। एक कमजोर सरकार को मजबूत विपक्ष के बावजूद पांच साल तक खींचना बहुत ही मुश्किल काम था। ऐसे में विधायकों और मंत्रियों को खुश रखने में ही उनका ज़्यादा वक्त बीता और ये सारे लोग मुख्यमंत्री के नियंत्रण से बाहर होते गए।

चौतरफा दबाव के चलते मुख्यमंत्री अल्पमत सरकार में विधायकों और निर्दलियों और कई बदनाम मंत्रियों के दबाव में काम करने को विवश होते गए। दौसा के पास खेड़ली मोड़ के पास होटल व्यवसायी धर्म सिंह गुर्जर कहते हैं, जिस सरकारी कर्मचारी के बाड़मेर या जोधपुर जितनी दूर से पूर्वी राजस्थान में ट्रांसफर होगा उसका रेट उसी हिसाब से ज़्यादा होगा।

राजस्थान में पेयजल की भारी किल्लत है। हर जिले में लोगों के लिए पेयजल सबसे बड़ा संकट है। दौसा और आसपास के जिलों में पीने के पानी को तरस रहे लोगों को टोंक के विशालपुर बांध से पानी हासिल करने के लिए लंबा इंतज़ार करना पड़ रहा है। यहां आसपास के गांवों में टैंकरों के जरिए पानी पहुंचाया जा रहा है और टैंकर के लिए भी कई -कई दिनों का इंतज़ार करना पड़ता है।




# डल झील क्षेत्र में हाउसबोट और घरों में आग लगी, तीन पर्यटकों की मौत

श्रीनगर, 11 नवंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के विश्वप्रसिद्ध डल झील में शनिवार तड़के आग लगने की घटना के बाद कम से कम तीन शव बरामद किए गए, जिनके बारे में संदेह है कि वे बाहरी पर्यटक थे।

यह जानकारी अधिकारियों ने दी। इस आगजनी की घटना में पांच हाउसबोट और एक दर्जन से ज्यादा आवासीय संरचनाएं जलकर खाक हो गई।

राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें तलाशी के दौरान डल झील में घटनास्थल से तीन शव बरामद किए हैं, हालांकि, अभी तक उनकी पहचान नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि हम उनकी पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन हमें संदेह है कि वे गैर-स्थानीय हैं।

- **पांच हाउसबोट और एक दर्जन से अधिक लकड़ी के घर जलकर राख हो गये।**
- **पुलिस अधिकारियों ने बताया कि, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन इसमें करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है।**


इससे पहले, अग्निशमन और आपातकालीन अधिकारियों ने कहा कि डल झील की घाट संख्या नौ के समीप एक हाउसबोट में आज सुबह पांच बजे आग लग गई जिसके बाद उसकी चपेट में अन्य हाउसबोट और अन्य लकड़ी के आवासीय संरचनाएं आ गईं। उन्होंने कहा कि आग पर काबू पाने के लिए नेहरू पार्क, बटमालू और गावकादल रिवर स्टेशनों से दमकल गाड़ियां भेजी गईं। इससे पहले कि आग पर काबू पाया जा पाता, पांच हाउसबोट और लकड़ी के एक दर्जन से ज्यादा आवासीय संरचनाएं जलकर खाक हो गईं। आग लगने से जो हाउसबोट जलकर खाक हो गईं, उनमें सफीना, यंग सफीना, न्यू सफीना, लाला रूका और लंदन हाउस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है लेकिन इसमें करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है।श्रीनगर के उपायुक्त ऐजाज असद घटनास्थल का दौरा करने के बाद कहा कि डल झील में घाट संख्या 9 पर आगजनी की घटना हुई जिसमें पांच हाउसबोट और आसपास की आवासीय संरचनाएं जलकर खाक हो गईं।

उन्होंने कहा कि आग लगने की घटना की जानकारी प्राप्त होने के बाद एसडीआरएफ, कश्मीर पुलिस और दमकल एवं आपात एजेंसियों हरकत में आ गईं और आग पर काबू पाने की कोशिश की। असद ने कहा कि इन हाउसबोट में रह रहे पर्यटकों और निवासियों को पहले ही बचा लिया गया और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया गया।

## अयोध्या में सरयू ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जन्मभूमि मंदिर का निर्माण नरेन्द्र मोदी सरकार की मुख्य उपलब्धियों के रूप में प्रोजेक्ट किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ सरकार के अधिकारी जनवरी माह में एक भव्य उद्घाटन कार्यक्रम आयोजित करवाने के लिए रात-दिन एक किए हुए हैं। रामलला के आगामी 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और आर.एस.एस. प्रमुख मोहन भागवत द्वारा किए जाने की उम्मीद है, इसमें देश भर से 25 हजार हिन्दू धार्मिक नेताओं को आमंत्रित किया जाएगा। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के चम्पत राय ने कहा कि "विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता यदि समारोह में आने का इरादा रखते हों, तो उन्हें भी आमंत्रण भेजा जाएगा। राम मंदिर निर्माण के लिए अगस्त 2020 में भूमि पूजन किया गया था।




राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908